


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल





ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 149 | ग्वालियर शनिवार, 18 मार्च 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## एक नजर

### आप उस कुएं का पानी पी रही है, जिसमें भांग पड़ी हुई है



**नई दिल्ली।** बीजेपी ने आप प्रमुख और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल पर बड़ा हमला बोला है. बीजेपी प्रवक्ता सुधांशू त्रिवेदी ने शुक्रवार (17 मार्च) को आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, दिल्ली शराब नीति मामले में खुद केजरीवाल भी शामिल हैं. सुधाशूं त्रिवेदी ने कहा आम आदमी पार्टी उस कुंए का पानी पी रही है जिसमें भांग पड़ी हुई है. उन्होंने आम आदमी पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा, 10 वर्ष के कम अंतराल में पूरे भारत की राजनीति में किसी भी राजनीतिक दल के चाल, चरित्र, चिंतन और चेहरे में इतना बड़ा बदलाव नहीं आया है जितना नई राजनीति के स्वयंभू बनकर आई पार्टी ने अपने मूल्यों में परिवर्तन करके दिखाया है. बीजेपी ने आगे कहा, आप कई महीनों से कभी इस मुद्दे का सहारा लेकर तो कभी उस मुद्दे का सहारा लेकर ऐसा शोर-शराबा करना चाहते हैं जिससे वह सच को दबा सकें या झुठला सकें. इसी शोर-शराबे में दिल्ली को शराब में डुबो देने वाले लोग बचकर निकलने का प्रयास कर रहे हैं. बीजेपी नेता ने कहा, नई-नवेली पार्टी से लेकर पुरानी पार्टी तक ये सारे मौसेरे भाई आपस में मिलकर अपने-अपने परिवार को बचाने और भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए जनता के बीच में भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं.

### 70 हजार करोड़ से ज्यादा के देसी हथियार बढ़ाएंगे तीनों सेनाओं की ताकत



केंद्रीय रक्षा मंत्रालय ने सैन्य हथियारों और अन्य साजो-सामान की 70,500 करोड़ की खरीद को मंजूरी दे दी है. माना जा रहा है कि इस खरीद से तीनों सैन्य बलों की ताकत बढ़ेगी. इन रक्षा सौदों में अलग-अलग हथियारों के सिस्टम और कॉम्बैट व्हीकल्स के साथ ब्रह्मोस मिसाइल की खरीद होगी. रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने सैन्य बलों और इंडियन कोस्ट गार्ड के लिए की जा रही ये पूरी खरीद बाय (भारतीय-आईडीडीएम) कैटेगरी के तहत होगी. इसके तहत आत्मनिर्भर भारत के कार्यक्रम को बढ़ावा मिलेगा. इन रक्षा सौदों में ब्रह्मोस मिसाइल, शक्ति ईडब्ल्यू सिस्टमस और नौसेना के इस्तेमाल के लिए हेलीकॉप्टर के लिए 56000 करोड़ की खरीद की जाएगी. इसी के साथ लंबी दूरी की मार करने वाले हथियार, 155द्वद्व/52 कैलिबर की एडवांस टोअड आर्टिलरी गन सिस्टम (ञ्जत्रस्) और अन्य साजो सामान की खरीद की जाएगी. रक्षा मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि वेस्टर्न और नॉर्दर्न फ्रंट पर नए हथियारों की जरूरत को सरकार ने महसूस किया. साथ ही ये भी बताया गया कि इनमें से 99 फीसदी हथियार भारत में ही बने होंगे. रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इन रक्षा सौदों में ज्यादातर भारतीय नौसेना के लिए ही किए गए हैं. मंत्रालय के मुताबिक, पूरे रक्षा सौदे में से 56000 करोड़ की खरीद सिर्फ भारतीय नौसेना के लिए की जाने वाली है. इसमें मुख्य रूप से भारत में ही बनी ब्रह्मोस मिसाइल, शक्ति इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सिस्टम्स, नौसेना में इस्तेमाल होने वाले हेलीकॉप्टर वगैरह की खरीद शामिल है. रक्षा मंत्रालय की ओर से कहा गया कि ब्रह्मोस मिसाइल की खरीद से नौसेना की समुद्र में हमला करने की क्षमता बढ़ेगी. वहीं, हेलीकॉप्टर की खरीद से खोज और बचाव ऑपरेशन चलाने में मदद मिलेगी. इसी के साथ शक्ति ईडब्ल्यू सिस्टम्स के जरिये फ्रंटलाइन नौसेना के युद्धपोतों को काउंटर ऑपरेशन चलाने में मदद मिलेगी. रक्षा अधिग्रहण परिषद की ओर से रक्षा सौदों को दी गई मंजूरी के बाद भारतीय वायुसेना को लॉन्ग रेंज स्टैंडऑफ वेपन मिलेंगे. जो पूरी तरह से भारत में डिजाइन, विकसित और निर्मित है. इसे सुखोई स्ह्व-30रूद्भढ्ढ एयरक्राफ्ट पर लगाया जाएगा. इन हथियारों से वायुसेना को पश्चिमी और पूर्वी मोर्चे पर होने वाली हरकतों से निपटने में मदद मिलेगी. भारतीय थल सेना को इस रक्षा खरीद सौदों से आर्टिलरी गन मिलेगी. अब भारतीय सेना के तरकश में धनुष और के9 वज्र गन सिस्टम के साथ ञ्जत्रस् भी जुड़ जाएगा. इसके साथ ही इन्हें अलग-अलग जगहों पर पहुंचाने वाले वाहनों की खरीद को भी मंजूरी दी गई है.

### अब बंबीहा गैंग की लॉरेंस और गोल्डी बराड़ को धमकी

**नई दिल्ली।** गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई जहां एबीपी न्यूज को दिए इंटरव्यू के बाद सुर्खियों में छाया हुआ है. वही एक बार पंजाब गैंगस्टर आमने-सामने आ गए है. बंबीहा ग्रुप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डालकर एक बार फिर विवाद को बढ़ा दिया है. बंबीहा ग्रुप की तरफ से इस बार पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या के मास्टरमाइंड गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ को धमकी दी गई है. इसके अलावा इस पोस्ट में यह भी दावा किया गया है कि कौन है जो दावा कर रहा है कि खालिस्तान नहीं बनना चाहिए. बंबीहा ग्रुप ने सोशल मीडिया पोस्ट पर आगे लिखा है कि लॉरेंस बिश्नोई केवल जेल में बात कर सकता है. लेकिन सच में बाहर आकर उसमें पंगा लेने की हिम्मत नहीं है. वही गोल्डी बराड़ को लेकर कहा गया है कि वो सिर्फ विलेन बन रहा है. अपने भाई की मौत का बदला तक नहीं ले पाया. वही खुद को दाऊद समझते है. पोस्ट में आगे लिखा गया है कि लॉरेंस बिश्नोई तुम्हें भी पता है कि तुम कितने बदमाश हो, जब विक्की गोंडर जिंदा था तो तुम घर से निकलने से भी डरते थे. अब तुम बड़े बदमाश बनकर दिखा रहे हो. लॉरेंस बिश्नोई को लेकर आगे बंबीहा ग्रुप की तरफ से कहा गया कि जिस दिन लॉरेंस बिश्नोई हमारे हाथ आएगा, या तो भगवान जान जाएगा क्या होगा, या फिर हम करेंगे. सोशल मीडिया पोस्ट में आगे लिखा गया कि बाकियो की बातमत करो तुम्हारे लिए बड़ी मुश्किल होने वाली है. गोइंदवाल केंद्रीय जेल में सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के दो आरोपी गैंगस्टर्स की हत्या कर दी गई थी.

किन महिलाओं के साथ हुआ यौन शोषण

## राहुल गांधी के बयान पर दिल्ली पुलिस ने पूछे सवाल



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान दिए गए एक बयान पर राहुल गांधी से जवाब मांगा है. राहुल गांधी का श्रीनगर में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान बयान सामने आया था जिसमें वे बता रहे थे कि कई महिलाएं उनसे मिलीं जिन्होंने उनसे अपने साथ यौन हिंसा की जानकारी दी थी. दिल्ली पुलिस ने राहुल गांधी को नोटिस देकर राहुल गांधी से उन महिलाओं के बारे में जानकारी मांगी है. पुलिस के सूत्रों मुताबिक इस नोटिस में राहुल गांधी से पूछा गया है कि आप उन महिलाओं के बारे जानकारी दे जिनके बारे में आप अपने बयान में बता रहे थे. पुलिस ने नोटिस में कुछ सवाल भी राहुल गांधी से पूछे हैं. जानकारी के मुताबिक, दिल्ली पुलिस के एक सीनियर अधिकारी बुधवार (15 मार्च) को नोटिस लेकर राहुल गांधी से मिलने गए लेकिन 3 घंटे इंतजार करने के बाद भी राहुल गांधी उनसे नहीं मिले. इसके बाद सीनियर अधिकारी अगले दिन गुरुवार को फिर से मिलने गए. उनसे बात करने का समय मांगा लेकिन राहुल गांधी ने कहा कि उनके पास टाइम नहीं है. इसके बाद पुलिस ने राहुल गांधी को नोटिस रिसीव करवाया. पुलिस ने राहुल गांधी से नोटिस का जवाब जल्द से जल्द देने के लिए कहा है. ताकि पुलिस इस मामले में अपनी जांच को आगे बड़ा सके. पुलिस ने उन महिलाओं की जानकारी मांगी है जिन्होंने उनसे यौन उत्पीड़न की बात बताई थी

## तोशखाना केस मामले में इमरान खान की पेशी

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की सियासत में उथल-पुथल का दौरा चल रहा है. देश में इमरान खान को लेकर जो बवाल चल रहा है, उस देश की राजनीति गरमाई हुई है. वहीं लाहौर में पीटीआई के सपोर्टर पार्टी अध्यक्ष इमरान खान के घर के बाहर डेरा डाल कर बैठी है. इस बीच सपोर्टरो और पुलिस बल के साथ झड़प भी हुई है. पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान संभावित गिरफ्तारी से बचने के लिए शुक्रवार (17 मार्च) को इस्लामाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. पीटीआई ने पार्टी कार्यकर्ताओं से जमान पार्क पहुंचने और उनकी अदालत की यात्रा के दौरान उनके साथ जाने का आह्वान किया है. इस हफ्ते की शुरुआत में इस्लामाबाद पुलिस तोशखाना मामले के सिलसिले में इस्लामाबाद की एक सत्र अदालत के तरफ से जारी गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट के तहत गिरफ्तार करने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री के घर पहुंची थी. जिसमें तोशखाना मामले में इमरान खान ने कई सुनवाई में मौजूद नहीं थे. हालांकि, कानून प्रवर्तन एजेंसियां बुधवार शाम को यह कहते हुए पीछे हट गई कि चल रही पाकिस्तान सुपर लीग के दौरान ऑपरेशन को रोक दिया गया था. इसके अलावा लाहौर उच्च न्यायालय ने भी हस्तक्षेप किया था, जिसके बाद ऑपरेशन को दो बार स्थगित कर दिया था.



एक दिन पहले इस्लामाबाद की एक सेशन कोर्ट में पीटीआई इमरान खान के गिरफ्तारी वारंट को निलंबित करने के लिए गई थी, लेकिन कोर्ट गिरफ्तारी वारंट को जारी रखने का फैसला लिया. वहीं कोर्ट ने पूर्व प्रधानमंत्री को गिरफ्तार करने और 18 मार्च तक अदालत में पेश करने के अपने आदेश को भी बरकरार रखा. डॉन के रिपोर्टर शुक्रवार को जमां पार्क के बाहर मौजूद थे, उन्होंने कहा कि आसपास पुलिस मौजूद नहीं थी, लेकिन इमरान के घर के बाहर पीटीआई समर्थकों की भीड़ लाठी और पत्थरों से लैस थी, जो किसी भी पुलिस ऑपरेशन के लिए तैयार थी. वहीं इसे पहले आज शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री ने निचली अदालत के फैसले को चुनौती देते हुए इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में एक और याचिका दायर की. तोशखाना मामले में इमरान खान के खिलाफ सुनवाई में शामिल नहीं होने के बाद ट्रायल कोर्ट ने गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया था और पुलिस को उसे 7 मार्च को अदालत में पेश करने का निर्देश दिया था. पीटीआई प्रमुख गिरफ्तारी से बचने में कामयाब रहे और बाद में वारंट को रद्द करने के लिए संपर्क किया.

## हिटलर की मौत के बाद जर्मनी में हजारों लोगों ने कर ली थी आत्महत्या



**नई दिल्ली।** जर्मनी के तानाशाह अडोल्फ हिटलर का नाम तो आपने सुना ही होगा. द्वितीय विश्वयुद्ध के आखिरी समय में इस नाजी तानाशाह ने खुद को गोली मार ली थी. हिटलर के साथ कई बड़े नाजी नेताओं ने भी खुदकुशी कर ली थी. हिटलर ने 30 अप्रैल 1945 को खुदकुशी की थी, जिसके बाद नाजी जर्मनी ने 8 मई को आत्मसमर्पण कर दिया था. इसके बाद जर्मनी में एक अजीब-सी स्थिति बनी और हजारों जर्मन पुरुषों, महिलाओं और बच्चों ने आत्महत्या कर ली. इसे सामूहिक आत्महत्या लहर या मास सुसाइड वेव के नाम से जाना जाता है. इस सुसाइड वेव का जिक्र करने में सबको हिचकिचाहट रहती थी, लेकिन साल 2015 में इस विषय पर जब एक जर्मन किताब छपी तो बेसटसेलर बुक बन गई. इतिहासकार फ्लारियन हूबर की इस किताब को 'प्रॉमिस मी यू विल शूट योरसेल्फ' नाम से प्रकाशित किया गया है. जिसमें इससे जुड़े सनसनीखेज प्रसंगों का खुलासा किया गया है. साल 2015 में एक इंटरव्यू में किताब के लेखक हूबर ने कहा था कि उस दौरान सोवियत यूनियन को जर्मनी के दुश्मन के तौर पर देखा जा रहा था. सोवियत की सेना को लाल सेना के नाम से भी जाना जाता था. हिटलर की मौत के बाद जर्मनी की जनता में खौफ फैल गया था कि लाल सेना उनके साथ हत्या, बलात्कार और घिनौन अत्याचार करेगी. इसी डर के मारे लोग खुदकुशी करने पर मजबूर हो गए थे. हूबर ने अपनी किताब में भी इसी तरह की बातों का उल्लेख करते हुए बताया है कि लोगों को महसूस होने लगा था कि लाल सेना के इस आशंकित अत्याचार से बचने का एकमात्र रास्ता खुदकुशी करना है था. खुदकुशी के तरीकों में ज्यादातर डूबकर, खुद को गोली मारकर, फंदे से झूलकर या जहर खाने को अपनाया गया था. अंग्रेजी में छापते हुए प्रकाशकों ने हूबर की किताब के बारे में लिखा है कि यह एक अनकही और अनसुनी कहानी है. इसके अलावा गार्जियन नाम के एक अंग्रेजी मीडिया समूह ने लिखा है कि साल 2009 में इस विषय पर एक यूरोपीय इतिहासकार क्रिश्चियन गॉशेल ने भी किताब लिखी थी. लेकिन हूबर का कहना है कि उनकी किताब छपने के दौरान तक जर्मनी में इस विषय पर बात करने में एक हिचक देखने को मिलती थी.



## नहीं मिलना चाहिए एक भी वोट, स्मृति ईरानी ने राहुल के कमेंट को लेकर कहा- मातृभूमि का किया है अपमान

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी बीते दिनों लंदन दौरे पर थे. वहां कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में उन्होंने भारत को लेकर कई बातें की थी. राहुल के उस भाषण का बीजेपी कड़ा विरोध कर रही है. अब केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि वायनाड के सांसद ने विदेश में अपने देश का अपमान किया है. कर्नाटक के हुबली में बीजेपी की विजय संकल्प यात्रा को संबोधित करते हुए ईरानी ने कहा कि कांग्रेस नेता ने अपनी मातृभूमि का अपमान किया है.

स्मृति ईरानी ने लोगों से कहा कि उनके इस अपमान के बदले लोगों को उनकी पार्टी को एक भी वोट नहीं देना चाहिए. एक ओर हमारे पीएम हैं और दूसरी तरफ गांधी परिवार का वो शख्स जिसे अमेठी की जनता ने हराया था. राहुल ने विदेशी धरती पर देश को बदनाम किया, जिसकी वजह से आज बीजेपी संकल्प ले रही है कि हमारी मातृभूमि का अपमान करने वाली कांग्रेस को इस निर्वाचन क्षेत्र से एक भी वोट नहीं मिलेगा. साथ ही इसका कड़ा विरोध करेंगे. ईरानी ने कहा, हम बीजेपी अपने देश को मां के रूप में मानते हैं, लेकिन वहीं विपक्ष के कुछ नेता विदेशी धरती पर हमारी मातृभूमि को गाली देने और अपमान करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं. हमें ऐसे लोगों का विरोध करना चाहिए. यही नहीं दिल्ली में एक सम्मेलन के दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस नेता जनता को गुमराह कर रहे हैं. अपनी अपमानजनक टिप्पणी के लिए राहुल को माफी मांगनी चाहिए. कांग्रेस नेता को भारतीय लोकतंत्र की आलोचना और नीचा दिखाने की आदत है. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने इसे अपनी आदत बना ली है. पार्टी के नेताओं को भारत के खिलाफ चिल्लाने और अपमान करने का अधिकार नहीं है.

### दिल्ली-पंजाब समेत कई राज्यों में महंगी हो सकती है बिजली

**नई दिल्ली।** दिल्ली में आने वाले दिनों में बिजली महंगी हो सकती है. क्योंकि हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने बजट सत्र में बिजली परियोजनाओं पर सेस लगाने का विधेयक सदन में पेश किया है. सरकार का कहना है, इससे कर्ज में डूबे राज्य को 4 हजार करोड़ रुपये सालाना आय होगी. जल विद्युत परियोजनाओं पर सेस लगने के बाद ऐसा माना जा रहा है, दिल्ली-पंजाब समेत कई राज्यों में प्रति युनिट एक रुपये तक का इजाफा हो सकता है. सेस लगने से भले ही हिमाचल प्रदेश पर इसका प्रभाव नहीं पड़े लेकिन कुछ पडोसी राज्यों मसलन राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, और दिल्ली पर इसका खासा प्रभाव पडेगा.

## सरकार सीनियर सिटीजन सेविंग स्कीम की बढ़ाएगी ब्याज दर

**नई दिल्ली।** स्माल सेविंग स्कीम के तहत कई योजनाओं की शुरुआत की गई है. सीनियर सिटीजन स्कीम इसी में से एक है. इस स्कीम के तहत वरिष्ठ नागरिकों को ब्याज और टैक्स का लाभ दिया जाता है. इस महीने के अंत तक छोटी बचत योजनाओं में होने वाले परिर्वतन को देखते हुए लोग उम्मीद कर रहे हैं कि सरकार वरिष्ठ नागरिक बचत योजना के ब्याज को बढ़ा सकती है. पिछले साल दिसंबर में या फिर आखिरी तिमाही में इसे लेकर बदलाव किया गया था. पिछले तिमाही के दौरान सीनियर सिटीजन सेविंग स्कीम के साथ ही कई अन्य बचत योजनाओं के ब्याज में बढ़ोतरी की गई थी. वर्तमान समय में सीनियर सिटीजन की इस स्कीम में 8 फीसदी का ब्याज दिया जा रहा है. पिछले कुछ तिमाहियों के दौरान नीतिगत दरों में भारी बढ़ोतरी देखी गई है, जबकि इसके उलट सीनियर सिटीजन सेविंग स्कीम या छोटी बचत



योजनाओं का ब्याज धीमी गति से बढ़ा है. वहीं महंगाई दर में बढ़ोतरी भी इसे प्रभावित कर सकती है. कुछ एक्सपर्ट्स का मानना है कि सरकार इसे एक बार फिर बढ़ा सकती है. कुछ लोगों को ये भी मानना है कि पिछले ही तिमाही में सरकार ने छोटी बचत योजनाओं के ब्याज में इजाफा किया था. ऐसे में उम्मीद है कि सरकार इस तिमाही सीनियर सिटीजन सेविंग स्कीम के ब्याज में इजाफा नहीं करेगी. पिछले साल दिसंबर में इस योजना के ब्याज को बढ़ाकर 8 फीसदी कर दिया गया था. अगर सीनियर सिटीजन इस योजना में निवेश करते हैं तो अब वे 15 लाख की जगह 30 लाख तक निवेश कर पाएंगे. सरकार ने फरवरी में पेश किए गए इस बजट के दौरान इसमें निवेश की लिमिट 15 लाख रुपये तक बढ़ा दी है. इस योजना के तहत आप डाकघर या बैंक में जाकर अप्लाई कर सकते हैं.

### मुगलों ने भारत को कमजोर किया

**नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वाा सरमा ने कर्नाटक के बेलगावी में एक सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस को नया मुगल बताया है. उन्होंने कहा कि जब भी राम मंदिर बनने की बात आती है तो कांग्रेस पार्टी को समस्या हो जाती है. हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा, एक समय में दिल्ली के शासक मंदिरों को ध्वस्त करने की बात करते थे लेकिन आज पीएम मोदी के शासन में मैं मंदिरों के निर्माण की बात कर रहा हूं. यह नया भारत है. कांग्रेस इस नए भारत को कमजोर करने का काम कर रही है. कांग्रेस नई मुगल है इसलिए जब भी राम मंदिर बनता है तो उसे समस्या होती है. बिस्वा सरमा ने ये भी कहा कि मुगल की तरह कांग्रेस भी देश को लूट रही है. भारत में मुगल साम्राज्य की नींव बाबर के हमले के बाद हुई. बाबर ने दौलत खान लोदी के कहने पर भारत पर आक्रमण किया था. 1526 ईस्वी में बाबर ने पानीपत की लड़ाई में इब्राहिम खान लोदी की सेनाओं को हरा दिया और दिल्ली जीत ली. उस समय ज्यादातर मुगलों ने राजपूत भारतीय शासकों को उच्च पदों पर नियुक्त किया. याद दिला दें कि आमेर के कच्छवाहा राजपूत आमतौर पर मुगल सेना में सर्वोच्च सैन्य पदों नियुक्त किए जाते थे. इस तरह मुगल शासकों ने भारतीय सिपाहियों और राजपूतों के बीच एक भरोसा कायम किया.

देशविरोधी टूलकिट का हिस्सा बन गए राहुल गांधी, बीजेपी चीफ बोले-

## पाकिस्तान और कांग्रेस की भाषा एक जैसी

**नई दिल्ली।** बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुक्रवार (17 मार्च) को एक वीडियो कॉन्फ्रेंस कर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी जमकर निशाना साधा. लंदन में दिए गये कथित देशविरोधी बयान को लेकर उन्होंने कहा, राहुल गांधी को देश और संसद से माफी मांगनी ही होगी. जेपी नड्डा ने कहा, दुर्भाग्य की बात यह है कि देश विरोधी गतिविधियों में कांग्रेस पार्टी शामिल हो गई है। जनता द्वारा बार-बार नकार दिए जाने के बाद अब राहुल गांधी इस देश विरोधी टूलकिट का एक स्थायी हिस्सा बन गए हैं. बीजेपी चीफ ने कहा, देश एक ओर भारत के प्रधानमंत्री के नेतृत्व में दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन रहा है और जी20 की बैठकें हो रही हैं, राहुल गांधी विदेशी धरती पर देश और संसद का अपमान कर रहे हैं, मैं उनसे इसके पीछे उनकी मंशा जानना चाहता हूं।



उन्होंने आगे कहा, राहुल गांधी का एक निर्वाचित बहुमत वाली सरकार के खिलाफ देशविरोधी बातें कहना भारत के 130 करोड़ भारतीयों का अपमान है. उन्होंने कहा, विदेशी धरती पर राहुल गांधी का ये कहना कि भारत में लोकतंत्र खत्म हो गया है और इस पर यूरोप-अमेरिका को हस्तक्षेप करना चाहिए, भारत जैसे देश के लिए इससे अधिक शर्मनाक बात क्या हो सकती है. बीजेपी चीफ जेपी नड्डा ने राहुल गांधी से सवाल किया, आपने भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप के लिए दूसरे देश के दखल की मांग की है, इसके पीछे आपका क्या इरादा है। नड्डा ने दावा किया, किसी दूसरे देश से भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप की मांग करना भारत की संप्रभुता पर हमला है. उन्होंने कहा, मैं राहुल गांधी से पूछना चाहता हूं कि यूरोप और अमेरिका से भारत के घरेलू मामलों में दखल देने के पीछे उनकी क्या मंशा है। नड्डा ने कहा, राहुल गांधी अपने देश को बदनाम कर रहे हैं, भारत विरोधी जॉर्ज सोरोस और राहुल गांधी की भाषा एक जैसी ही है, पकिस्तान और कांग्रेस की भाषा भी एक जैसे ही है, और इस देश की जनता जनता कांग्रेस के इन मंसूबों को कामयाब नहीं होने देगी. राहुल गांधी को इस पाप के लिए देश से माफी मांगनी होगी.

# समग्र पोर्टल पर ई-केवाईसी के संबंध में दिशा-निर्देश

**अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**- मध्य प्रदेश शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग की नवीन योजना मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना में पात्र हितग्राहियों को योजना राशि का भुगतान आधार आधारित पेमेंट सिस्टम के माध्यम से किया जाना है। उक्त योजना में लाभ

## लाडली बहना योजना

लेने के लिए अन्य पात्रताओं के अंतर्गत आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए है। जारी निर्देशों के तहत आवेदनकर्ता का समग्र आईडी होना अनिवार्य है तथा संबंधित समग्र आईडी का आधार से ई-केवायसी सत्यापन आवश्यक है। आवेदनकर्ता का आधार नंबर, संबंधित के बैंक खाते में लिंक किया जाना आवश्यक है। आवेदनकर्ता के खाते का डीबीटी पेमेंट सक्षम (ष्ठक्च्ञ्ज द्गठ्ठड्डड्ढद्यद्गस्र) होना आवश्यक है। योजना में आवेदनकर्ता द्वारा आवेदन किए जाने के पूर्व अपने समग्र आईडी में ई-केवायसी कराया जाना अनिवार्य है। इसके उपरांत ही संबंधित के बैंक खाते में योजना अंतर्गत राशि का अंतरण किया जाएगा।

**आवेदनकर्ता के द्वारा ई-केवायसी की प्रक्रिया**-आवेदनकर्ता द्वारा आवश्यक प्रक्रिया के



द्वारा समग्र पोर्टल पर ई-केवायसी करा सकता है। जिसमें आवेदनकर्ता स्वयं समग्र पोर्टल पर अपना ई-केवायसी करा सकते है, अथवा विभिन्न सेवा जैसे कि एमपी ऑनलाइन, सीएससी, लोक सेवा केंद्रों पर जाकर भी अपना ई-केवायसी करा सकते है। उक्त सेवा केन्द्रों द्वारा आवेदनकर्ता से ई-केवायसी करने हेतु किसी भी प्रकार का सेवा शुल्क नहीं लिया जाएगा। बल्कि उक्त सेवा केन्द्रों पर किए गए समग्र आइडी पर ई-केवायसी का सेवा शुल्क शासन द्वारा देय होगा। समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी का सत्यापन संबंधित आवेदनकर्ता के द्वारा अपने आधार नंबर पर पंजीकृत मोबाईल नंबर पर प्राप्त होने वाले ओटीपी को डालकर अथवा फिंगरप्रिन्ट को बायोमैट्रिक मशीन पर मिलान करके किया जा सकता है। आवेदनकर्ता के द्वारा ई-केवायसी के दौरान अपने समग्र आईडी मे वैध मोबाईल नंबर डालना जरूरी है, जिसे आवेदनकर्ता के उक्त मोबाईल नंबर पर ओटीपी प्राप्त हो सके व आवेदनकर्ता को आवेदन, भुगतान इत्यादि विभिन्न जानकारी उसके समग्र में पंजीकृत मोबाईल पर दी जा सके यथा संभव यह प्रयास किया जाए कि समग्र में पंजीकृत मोबाईल नंबर तथा आधार से लिंक मोबाईल नम्बर एक ही हो।ई-केवायसी प्रक्रिया में आवेदनकर्ता का समग्र व आधार के मूलभूत डाटा (नाम, जेंडर, जन्म तिथि) शत-प्रतिशत मिलान अनिवार्य होगा। शत-प्रतिशत जानकारी का मिलान होने पर समग्र पोर्टल पर आवेदनकर्ता का ई-केवायसी स्वतः अपडेट हो जायेगा। परंतु समग्र पोर्टल पर उक्त ई-केवायसी अपडेट की जानकारी अगले दिवस प्रदर्शित होगी। आवेदनकर्ता का समग्र व आधार का मूलभूत डाटा का मिलान न होने पर आवेदनकर्ता की ई-केवायसी सत्यापन की रिक्वेस्ट ग्रामीण क्षेत्र होने पर संबंधित ग्राम पंचायत तथा शहरी क्षेत्र होने पर संबंधित वार्ड अधिकारी के पास जाएगी, जिसको संबंधित ग्राम पंचायत/ वार्ड अधिकारी द्वारा अपने लॉगिन से स्वीकृत या अस्वीकृत किये जाने के उपरांत संबंधित आवेदनकर्ता का डाटा अपडेट होगा। आधार में नाम, जेंडर, जन्म तिथि में त्रुटि होने पर, समग्र आईडी का ई-केवायसी कराने के पहले आधार केंद्र पर जाकर आधार का डेटा सुधारना होगा।



# पिछोर एसडीओपी एवं पिछोर एसडीएम ने किया परीक्षा केंद्रों का भ्रमण

## एसडीओपी प्रशांत शर्मा एवं एसडीएम बृजेंद्र सिंह यादव का परीक्षा केंद्रों पर भ्रमण

**संवाददाता हरिओम परिहार**

पिछोर। पिछोर क्षेत्र में एसडीओपी प्रशांत शर्मा एवं एसडीएम बृजेंद्र सिंह यादव का परीक्षा केंद्रों पर भ्रमण किया गया एवं बच्चों को मुख्य अधिकारी द्वारा सलाह दी गई एवं सुझाव दिया गया की परीक्षा केंद्र पर किसी भी तरह की की लापरवाही ना बरतें नाही कोई नकल बाजी करें मेहनत और लगन से एग्जाम करें जिससे आप एक महान देश के देश हित का नया निर्माण करें बच्चों के लिए आज पिछोर एसडीओपी प्रशांत शर्मा एवं पिछोर एसडीएम बृजेंद्र सिंह यादव ने बच्चों को सलाह दी पिछोर क्षेत्र में काई विद्यालय पर भ्रमण किया एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान की मौत



**दैनिक पुष्पांजलि टुडे मुंगावली संवाददाता जितेंद्र राय**

-बिना मौसम हो रही वारिश बन रही कहर, खेत मे काम कर रहे 30 वार्षिय किसान इंदपाल सिंह यादव की मौत, फसल कटवाने खेत पर गए हुए थे किसान इंद्रपाल सिंह, बारिश होने पर खेत में लगे पेड़ के नीचे बैठने से हुई मौत, खेत मे लगे पेड पर गिरी बिजली, मुंगावली के ग्राम बरखाना के है मृतक किसान. पीड़ित परिवार को दिए जाएंगे प्राकतिक आपदा के तहत 04 लाख रुपये।

# आफत की बारिश के साथ जमकर बरसे ओले

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे मुंगावली संवाददाता जितेंद्र राय**

आफत की बारिश हुई शुरू, ग्रामीण क्षेत्र में ओले के साथ बारिश का कहर, खेतों में खड़ी फसलों को हुआ नुकसान, निर्देश पर तहसीलदार पटवारी, आरआई सहित दल पहुचा खेतो में, 02 दर्जन से अधिक गांव में अधिक गिरे ओले बारिश, गाँवों में बारिश व ओलों का कहर से खड़ी फसलों को नुकसान, गेंहू, चना, सरसो, धना की फसलों को हुआ नुकसान, मौसम विभाग दे चुका है चेतावनी, विभाग ने 19 मार्च तक बारिश होने की जताई है संभावना।



# भारतीय ग्राहक पंचायत ने जानी बैंक ग्राहकों की समस्याएं

## एसबीआई की झांसी तिराहा शाखा के पास हुआ शिविर

**अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**- ग्राहक क्षैत्र में कार्य करने वाली संस्था अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत शिवपुरी द्वारा आज झांसी तिराह स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा के पास बैंकिग समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बैंक के ग्राहकों से समस्याएं जानकर उनका मार्गदर्शन किया गया। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र रघुवंशी एवं मीडिया प्रभारी मोहन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि शिवपुरी जिले में बैंकिंग क्षैत्र के ग्राहकों को छोटी छोटी समस्याओं के लिए काफी परेशान होना पड रहा हैं। यह सूचना संगठन को लगातार प्राप्त हो रही थी। जिस पर संगठन की जिला कार्यसमिति ने बैंकिग समस्या समाधान शिविर आयोजन करने का निर्णय लिया। इसी तारत्मय में आज जिले के सबसे



अधिक ग्राहक संख्या वाले भारतीय स्टेट बैंक की झांसी तिराह शाखा के पास शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बडी संख्या में ग्राहकों ने अपनी समस्याएं आकर दर्ज कराई है। बैंक ग्राहाकों की समस्याओं को भारतीय स्टेट बैंक के रीजनल मैनेजर के साथ बैठक के माध्यम से निराकरण किया जाएगा। जिलाध्यक्ष जितेन्द्र रघुवंशी ने बताया कि बैंकिग समस्या समाधान शिविर में जो ग्राहक सूचना प्राप्त न होने के कारण नही पहुंच सके हैं वह व्हाट्सएप न. 9301626144 पर भी अपनी शिकायत कर सकते हैं। संगठन प्रति शुक्रबार को ग्राहक समस्याओं का संकलन करेगा। शिविर में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के अखिलेश शर्मा, वीरेन्द्र रावत, हरबीर सिंह चैहान, बीरेन्द्र चैहान, प्रशांत शर्मा, दाताराम प्रजापति, हेमंत रावत, सतेन्द्र रघुवंशी, संदीप चैहान, राकेश गोस्वामी और जिला मीडिया प्रभारी पत्रकार मोहन विकट आदि लोग उपस्थित थे।

# भूतपूर्व सैनिक एवं सैनिक विधवाओं का सम्मेलन संपन्न

**अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- शिवपुरी जिले के भूतपूर्व सैनिक, सैनिक विधवाओं एवं उनके आश्रितों के साथ मातोश्री होटल ग्वालियर बाईपास शिवपुरी में आज शुक्रवार को दोपहर 2 बजे बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें भूतपूर्व सैनिकों को शासन से मिलने वाली आर्थिक सहायता एवं अन्य हितों की जानकारी के साथ-साथ उनकी पेंशन, परिवार पेंशन, कैंटीन, चिकित्सा एवं अन्य समस्याओं के समाधान पर चर्चा कल्याण संयोजक आ. कैप्टन महावीर सिंह सिसोदिया (से.नि) द्वारा किया गया। भारतीय सेना की तरफ से नियुक्त 12 मीडियम रेजिमेंट के अधिकारी, सरदार साहवान एवं जवानों की साइकिल अभियान के तहत ग्वालियर से शिवपुरी पहुँची हुई टीम का हार्दिक स्वागत किया गया। यह साइकिल अभियान ग्वालियर से 435 कि.मी. की दूरी तय करके विभिन्न जिलो से होते हुए भोपाल पहुँचेगी इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को भारतीय सेना में शामिल होने के लिए प्रेरित करना वीर नारी तथा भूतपूर्व सैनिकों की समस्याएं से अवगत होना, महिला सशक्तिकरण को बढावा देना तथा पर्यटन एवं एडवांचर की भावना को ब?ावा देना है।



# आनंद ग्राम रातौर में आयोजित होने वाले अल्पविराम शिविर के सफल संचालन हेतु बैठक संपन्न



**अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-आनंद ग्राम रातौर में अल्पविराम शिविर के सफल संचालन हेतु जनपद सभाकक्ष शिवपुरी में बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 26 मार्च को होने वाले एक दिवसीय आनंदम कार्यक्रम में आयोजित होने वाली आवश्यक गतिविधियों में आवश्यक चर्चा की गई। बैठक में शिवपुरी जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अरविंद शाह, विकासखंड शिवपुरी के पंचायत इंस्पेक्टर दौलत सिंह जाटव, आनंद विभाग के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर अभय कुमार जैन सहित आनंद ग्राम के सरपंच, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, शिक्षक, वॉलिंटियर उपस्थित रहे।

बैठक में बताया गया कि प्रदेश के सभी जिलों में 1 गांव को आनंद विभाग की गतिविधियों के लिए चयन किया गया है। जिले के शिवपुरी विकासखंड के ग्राम रातोर को आनंद ग्राम के रूप में चयन किया गया है। इस कार्यक्रम में राज्य आनंद संस्थान द्वारा किए जा रहे कार्यक्रमों की वीडियो दिखाई गई और आनंद ग्राम में होने वाले एक दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। सरपंच रामकुमार वर्मा द्वारा आनंद ग्राम के पंचायत भवन में आनंदम कार्यक्रम कराए जाने के लिए स्वीकृति दी गई। सभी आगंतुक कार्यकर्ताओं ने 10-10 आनंदको का राज्य आनंद संस्थान की वेबसाइट पर पंजीयन करने की स्वीकृति दी। इसमें शिवपुरी जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने अल्पविराम के संबंध में अपने विचार रखे। उन्होंने भागदौड़ की जिंदगी में अल्पविराम कार्यक्रम के लिए 50 संख्या में ग्रामीण जनों को पंजीयन के लिए आमंत्रित किया। आनंदग्राम के कार्यक्रम के लिए पंजीयन प्रथम आओ प्रथम पाओ आधार पर किया जाएगा।

# मन में दृढ़ भक्ति का संकल्प लेकर भक्त चला बागेश्वर धाम

**जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना**

पिछोर। तहसील बदरवास निवासी आगर सुरेंद्र परिहार मन में दृढ़ संकल्प लेकर भक्ति मार्ग को ग्रहण करते हुए पैदल ही चल पड़ा बागेश्वर धाम के लिए मन में अगर भक्ति का लगाओ हो तो मनुष्य को कुछ नहीं दिखता केवल केवल ईश्वर के चरण दिखाई देते हैं इसी आशा से बदरवास तहसील के कुछ भक्तगण बागेश्वर धाम के लिए प्रस्थान कर रहे हैं आज पिछोर में कुछ भक्तों द्वारा उनको विश्राम के लिए ठहराया गया है पूर्व सरपंच मनवीर सिंह आगर सुरेंद्र परिहार के ला धर वीर सिंह अकेला धर सुरेंद्र परिहार




आगर मन में था ना कि भक्ति मार्ग पर चला जाए पैड़ भरते हुए भगवान बागेश्वर धाम की जय जयकार लगाते हुए चल पड़े जहां पर पिछोर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा पैदल जा रहे केलाधर से बागेश्वर धाम भक्तों का स्वागत फूल माला पहनाकर श्रीफल प्रदान कर उनका स्वागत किया जिला अध्यक्ष पवन शर्मा, मठ मंदिर प्रमुख रमाकांत पट सरिया नगर संयोजक सोनू पांडे प्रखंड सह संयोजक नरेंद्र वर्मा खंगार संयोजक कप्तान परिहार जनपद सदस्य ने बागेश्वर धाम जाने वाले भक्तों का स्वागत पुष्प माला पहनाकर किया।



# टपरिया में लगी आग बकरी सहित 60000 हजार रुपए का हुआ नुकसान

## टपरिया में आग लगती है घटनास्थल पर बकरी की हुई मौत

**जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना**

पिछोर। अनु विभागीय अंतर्गत ग्राम पंचायत बीरपुर में अचानक आग लगने से टपरिया जलकर हुई खाक साथ ही टपरिया में बकरी जलकर तुरंत मौके पर हुई मौत बताया गया है कि ग्राम वीरपुर निवासी शिवदयाल रजक की टपरिया में अचानक आग लगी और बकरी एवं मोटर के पंप की बाल जलकर हुई खाक टपरिया में रखा करीबन घर गृहस्ती का सामान सहित ?60000 का नुकसान होगा जब तक ग्रामीण लोग टपरिया की आग बुझाने लगे तब तक टपरिया पूरी तरह स्वाहा हो चुकी थी टपरिया में रखा सामान भी स्वाह हो चुका था करीबन 60000 का नुकसान शिवदयाल रजक का हो चुका है शासन से लगाई मदद की गुहार।

# पेयनियर एप से बढ़ सकती है कमीशन खोरी हो सकते है हितग्राही फ्राड के शिकार

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता हेमचंद नागेश**

डीजीटल इंडिया के तहत दैनिक जीवन मे पैसे निकासी के विभिन्न स्त्रोत आ चुके है लेकिन कौन सा साधन कितना सुरक्षित है हम आप अनभिज्ञता के श्रेणी में है। यदि आप फिंगर दबा कर अपना पेंशन, मनरेगा राशि, इत्यादि निकालना चाहते हैं तो आप घर घर घुमने वाले पेयनियर ऐप के खिलाड़ियों से बच के रहे क्योंकि पैसा निकालने के ऐवज मे ये आपसे कमीशन के तौर पर अतिरिक्त राशि ले सकते है अथवा जितनी राशि निकालने कहा जाये उससे अधिक राशि आहरण कर आपको गुमराह कर सकते है। पेयनियर ऐजेंट अधिकृत नहीं होने के कारण फ्राड के शिकार हुए हितग्राहियों को शिकायत दर्ज कराने से लेकर न्याय पाने तक काफी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। सावधान रहे सर्तक रहे बैंक से अधिकृत बीसी से ही लेनदेन करें ताकि आपका खाता व लेन देन सुरक्षित रहे। पेय नियर ऐप से पैसे मुहया कराने वाले बिना किसी प्रशिक्षण के ही घर घर जाकर पैसे निकालने के कार्य में लग जाते है व मनमानी तौर पर कमीशन लेते हुए बीना किसी जानकारी मुहया कराते हुए आपका अनगिनत राशि आहरण कर सकते हैं। यदि आपको पैसे लेन देन करना हो तो अपने संबंधित क्षेत्र के बीसी से संपर्क करें ताकि आप किसी वित्तीय मुसीबत में ना फंसे। पेय नियर ऐप से राशि निकालने वालों के खिलाफ देवभोग क्षेत्र शिकायत का अंबार लग जाता है परंतु उसका किसी भी प्रकार से अधिकृत नहीं होने के कारण किसी भी प्रकार का जांच व कार्रवाई नहीं हो पाता जिससे पेय नियर के अप्रशिक्षित ऐजेंट फ्राड कार्य कर के भी बच जाते है जो हितग्राहियों के लिए काफी नुकसान दायक साबित होता है। सरकार व सबंधित अधिकारीयों को इस प्रकार के आहरण व्यवस्था पर प्रतिबंध लगाते हुए इसे बंद कर देना चाहिए ताकि अशिक्षित बुड़े बुर्जूग फ्राड के शिकार ना हो।संबंधित बैंक बीएम को भी समय समय पर इस तरह के संदिग्ध गतिविधियों का अवलोकन कर हितग्राहियों के सुरक्षा के लिए कैंप व जागरूकता अभियान जैसे कार्यक्रम को ग्रामीण स्तर मे संचालित कर लोगों को होने वाले फ्राड से बचाना चाहिए।पेय नियर एप संचालित करने वाले ऐजेंट का पुलिस वेरिफिकेशन के साथ साथ समय समय पर समीक्षा किया जाना चाहिए जिससे उसके द्वारा किए जा रहे कार्य का परिणाम लिया जा सके। सर्तक रहे सुरक्षित रहे क्षेत्र के संबंधित बीसी से ही अपना लेन देन करें वरना पड़ सकते है भयंकर मुसीबत में।




# निरीक्षण के दौरान स्कूल में लगा ताला देख एसडीएम ने जारी किया कारण बताओ नोटिस

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**मैनपुर।** आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र के दूरस्थ वनांचल के ग्रामों में बदहाल शिक्षा व्यवस्था किसी से छिपा नहीं है बावजूद इसके व्यवस्था ठीक करने के बजाय संबंधित शिक्षा विभाग के अधिकारी मामले के सामने आने पर लीपापोती करने की कोशिश करते हैं। ऐसे एक नहीं दर्जनों मामले पूर्व में मैनपुर विकासखंड क्षेत्र में देखे गए हैं, जिसके कारण शिक्षा व्यवस्था में सुधार होने के बजाय व्यवस्था बिगड़ती जा रही है। गुरुवार को मैनपुर एस डी एम हितेश पिस्दा विकास मैनपुर के दूरस्थ ग्राम कांडसर के आश्रित ग्राम डुमाघाट के प्राथमिक शाला और माध्यमिक शाला का औचक निरीक्षण करने पहुंचे इस दौरान शासकीय प्राथमिक शाला और मिडिल स्कूल भवन में ताला लगा हुआ था कोई भी बच्चा और शिक्षक स्कूल में नहीं थे। यहां देख कर निरीक्षण में पहुंचे एसडीएम काफी नाराज हुए। दोपहर एक बजे आज स्कूल मे जहाँ ताला लगा हुआ था इस प्राथमिक में 62 बच्चे जिसमे 2 शिक्षक है दोनों अनुपस्थित थे। माध्यमिक शाला में 30 छात्र छात्राए है जिसमे भी 2 शिक्षक है दोनों अनुपस्थित थे। एसडीएम मैनपुर ने प्राथमिक शाला और माध्यमिक शाला के चारों शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। इस दौरान एसडीएम ने ग्राम पंचायतों में चल रहे आयुष्मान कार्ड योजना एवं विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर समय सीमा पर निर्माण कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिया।

**नाहर नाली निर्माण कार्य के निरीक्षण करने पहुंचे एसडीएम**-मैनपुर विकासखंड के छैलडोगरी, मदांगमुडा, क्षेत्र में सिंचाई विभाग द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से नाहर नाली निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस नहर नाली निर्माण कार्य के निरीक्षण में एसडीएम पहुंचे और मौके पर सिंचाई विभाग के संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा निर्माण कार्य समय समय पर पूरा किया जाए और निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस मौके पर सिंचाई विभाग एस डी ओ दीपक पाठक, मनरेगा परियोजना अधिकारी रमेश कंवर आदि उपस्थित थे।

**क्या कहते हैं एसडीएम**-मैनपुर एसडीएम हितेश पिस्दा ने चर्चा में बताया आज गुरुवार को ग्राम डूमाघाट प्राथमिक शाला और मिडिल स्कूल का निरीक्षण करने पहुंचे इस दौरान स्कूल के गेट पर ताला लगा हुआ था और स्कूल में कोई भी बच्चे नहीं थे और शिक्षक भी अनुपस्थित थे। उन्होंने बताया अनुपस्थित चारों शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है। आवश्यक कार्यवाही किया जाएगा। उन्होंने कहा लगातार निरीक्षण कार्य जारी रहेगा।



## मिलावट से मुक्ति अभियान अंतर्गत खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा दुग्ध पदार्थ थोक एजेंसी का किया गया औचक निरीक्षण



**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। कलेक्टर एस. कृष्ण चैतन्य के निर्देशानुसार डी.ओ. खाद्य सुरक्षा प्रशासन राकेश अहिरवाल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया ने दमोह शहर में दुग्ध पदार्थ थोक एजेंसी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण कार्यवाही में शहर के पुराना थाना रोड स्थित श्री फूड्स का औचक निरीक्षण किया गया। उक्त परिसर में संग्रहित दुग्ध पदार्थों की गुणवत्ता की जांच हेतु क्रीम बेल ब्रांड फ्लेवर्ड दूध के नमूनें जांच हेतु लिए गए। इन दूध के नमूनों को गुणवत्ता परीक्षण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान खाद्य परिसर में कार्यरत कर्मचारियों के वार्षिक मेडिकल परीक्षण सर्टिफिकेट, पेस्ट कंट्रोल प्रबंधन प्रमाण पत्र, फूड सेफ्टी डिस्प्ले बोर्ड एवं फूड लाइसेंस की प्रति लगी हुई पाई गई। मौके पर परिसर में संग्रहित दूध, दही, पनीर की गुणवत्ता की जांच मैजिक बॉक्स की सहायता से की गई। खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग की यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# संवाद के माध्यम से बूथों को सशक्त करेगी भाजपा

## प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुँचायें: अरुण साव

**ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ अश्वनी अवस्थी**

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के महती अभियान बूथ सशक्तिकरण की शुक्रवार को शुरुआत हुई। यह अभियान पूरे प्रदेश में आगामी 27 मार्च तक जारी रहेगा। विदित रहे, भाजपा का यह बूथ सशक्तिकरण अभियान देशभर में आहूत है। भाजपा प्रदेश महामंत्री व बूथ सशक्तिकरण कार्यक्रम के संयोजक विजय शर्मा ने जानकारी दी कि बूथ सशक्तिकरण अभियान में प्रदेश में निवासरत भाजपा के राष्ट्रीय व प्रादेशिक नेताओं पदाधिकारियों व सांसद विधायक सहित जनप्रतिनिधियों से लेकर मंडल इकाई तक के पदाधिकारी हरेक बूथ तक पहुंचेंगे। इस दौरान बूथ केंद्रों को सशक्त और सक्रिय करने के लिए कार्यकर्ताओं में दायित्वों का विभाजन किया जाएगा। इस पूरे अभियान में पार्टी के अल्पकालिक विस्तारक अपने-अपने बूथों में 10 दिन का पूरा समय देकर इस अभियान को पूरा करेंगे। प्रदेश के लगभग 4 हजार 4 सौ विस्तारकों ने शुक्रवार को पार्टी नेताओं व पदाधिकारियों के साथ बूथों पर पहुंचकर अपनी कार्ययोजना पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। शुक्रवार को अभियान के पहले दिन बूथों पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण का वाचन किया गया। विस्तारक इस पूरे अभियान में आम जनता से मिलकर केंद्र सरकार की योजनाओं के हितग्राहियों से चर्चा करेंगे। इस दौरान विस्तारक कार्यकर्ता बूथों में निवासरत पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से ग्रहण मंत्रणा कर बुध की स्थिति की समीक्षा करेंगे। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव आज बूथ सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत अपने संसदीय क्षेत्र बिलासपुर के विधान सभा बिलासपुर में मध्य मंडल, वार्ड नंबर 32 वसंत भाई पटेल नगर, बूथ नंबर 152 ,153,154,155,156,157 एवं दक्षिण मण्डल बूथ क्रमांक 91, 92, 95, 96 में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अभियान कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अपना बूथ सबसे मजबूत करने के लिए प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुँचाने और हर जन को उसका लाभ दिलाने का आह्वान किया। इस दौरान पूर्व मंत्री एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राजेश मूणत तात्यापारा मंडल के शहीद चुड़ामणि नायक वार्ड में, प्रदेश महमंत्री केदार कश्यप जगदीश मंदिर वार्ड नारायणपुर एवं बंगलापुर जिला नारायपुर में, विजय शर्मा उमा विंध्यवासिनी शक्तिकेन्द्र कवर्धा में, प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी बिल्हा विधानसभा के बिल्हा मंडल के मंगला शक्तिकेन्द्र में, लक्ष्मी वर्मा बलौदाबाजार के नवापारा एवं जांगड़ा शक्ति केन्द्र में, पूर्व महामंत्री किरण देव जगदलपुर के भगत सिंह शक्तिकेन्द्र में इसके साथ ही भाजपा के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता विभिन्न शक्तिकेन्द्रों में पहुंचकर बूथ सशक्तिकरण अभियान में शामिल हुए।




# प्रदेश सरकार पहले माफी मांगे, फिर युवाओं के खाते में 13 हजार करोड़ रुपए जमा कराए

## भाजपा महामंत्री चौधरी ने बेरोजगारी के आंकड़ों को लेकर प्रदेश सरकार पर किया वार, प्रदेश सरकार युवाओं के साथ छल, कपट और अन्याय कर बेरोजगारी का मखौल उड़ा रही है: चौधरी

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी ने कहा है कि सरकार के मंत्री उमेश पटेल ने विधानसभा में रोजगार और बेरोजगारी के आंकड़ों की गलत जानकारी देकर प्रदेश के लाखों बेरोजगार युवकों के साथ छल, कपट और अन्याय किया है। इसके लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं मंत्री उमेश पटेल को प्रदेश की युवा शक्ति से पहले क्षमा मांगनी चाहिए और अपने घोषणा पत्र में किए गए वादे के अनुरूप 13 हजार करोड़ का प्रावधान बतौर बेरोजगारी भत्ता करना चाहिए।

भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री चौधरी ने कहा कि विधानसभा में प्रदेश के रोजगार मामलों के मंत्री उमेश पटेल ने विधानसभा में बेरोजगारी के संबंध में पूछे गए एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि प्रदेश में बेरोजगारी दर 0.5 प्रतिशत ही है लेकिन संख्या नहीं बता सकते। जबकि एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि प्रदेश में रोजगार चाहने वाले 18.78 लाख युवकों ने पंजीयन कराया है। इन दोनों आंकड़ों का विश्लेषण करें तो उमेश पटेल के दिए जवाब के अनुसार दशमलव 5त्न बेरोजगारी दर है इस दर से या तो छत्तीसगढ की आबादी तीन करोड़, नहीं बल्कि 36 करोड़ है या फिर बेरोजगारी दर के 0.5 प्रतिशत होने का दावा और लिखित उत्तर, दोनों झूठे है। इन झूठे आंकड़ों के आधार पर मंत्री पटेल और उनके विभाग ने छत्तीसगढ़ के युवाओं के साथ छल किया है, अन्याय किया है। श्री चौधरी ने कहा कि भारतीय संविधान के अनुसार मंत्री का जवाब पूरी सरकार का जवाब माना जाता है, इसलिए मुख्यमंत्री बघेल और मंत्री पटेल को अपने जनघोषणा पत्र के अनुसार 13 हजार करोड़ रुपए की राशि युवाओं के खाते में तो जमा करनी ही चाहिए, लेकिन यह राशि भी पहले प्रदेश के युवाओं से माफी मांगने के बाद ही जमा करनी चाहिए। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री चौधरी ने कहा कि प्रदेश सरकार को रोजगार और बेरोजगारी भत्ता देने में पूरी तरह नाकारा साबित हुई है और अब झूठे आंकड़े देकर प्रदेश और यहां के प्रतिभासंपन्न युवकों की बेरोजगारी का मखौल उड़ाने में लगी हुई है और अपने वादे से मुकरने वाली यह सरकार गोलमोल जवाब देकर छल-कपट का एक नया अध्याय लिख रही है। छत्तीसगढ़ की तरूणाई अगले चुनाव में इस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए संकल्पित हो रही है।




# सहायक शिक्षक फेडरेशन गरियाबंद ने कलेक्टर व डीईओ के नाम सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

गरियाबंद में जिला स्तरीय क्रमिक आंदोलनछत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला इकाई गरियाबंद के प्रतिनिधि मंडल ने जिला कलेक्टर,जिला पुलिस अधिक्षक एवं जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद के नाम ज्ञापन सौंपा !ज्ञापन पत्र में अवगत कराया गया है कि प्रदेश के सहायक शिक्षक संवर्ग अपनी प्रमुख मांग वेतन विसंगति को लेकर पिछले चार सालों से संघर्षरत हैं !फिर भी आज पर्यंत वेतन विसंगति दूर नही किया जा सका है !इसलिए संघ के प्रांतीय आव्हान पर आगामी 24 मार्च 2023 को जिला मुख्यालय गरियाबंद के गांधी मैदान में एक दिवसीय जिलास्तरीय क्रमिक आंदोलन न्याय पदयात्रा प्रस्तावित किया गया है !जिसमें जिला के समस्त सहायक शिक्षक एल.बी.संवर्ग शामिल होंगे। परिभ्रमण से मुक्त कर पदोन्नति एवं संविलियन पूर्व के लंबित एरियर्स भुगतान हेतु आबंटन की मांग*ज्ञात हो कि ज्ञापन पत्र में मांग करते हुए जिलाध्यक्ष कुमेंद्र कश्यप एवं प्रतिनिधि मंडल नेयह भी मांग किया है कि मैनपुर विकासखंड के ऐसे सहायक शिक्षक जिन्हें प्रधान पाठक के पदोन्नति में परिभ्रमण सूची में रखा गया है उन्हें शीघ्र काउंसिलिंग कर पदोन्नति दिया जाये !जिस पर डीईओ गरियाबंद ने शीघ्र काउंसिलिंग का आश्वासन दिया है !तथा संविलियन पूर्व के लंबित वेतन एवं समयमान वेतनमान का एरियर्स राशि के भुगतान हेतु सभी विकासखंडों को मांग पत्र के अनुरूप आबंटन जारी किया जाये !इतना ही नही बल्कि प्रधान पाठक पद नही लेने वाले सहायक शिक्षकों को उच्च श्रेणी शिक्षक हेतु प्रस्तावित कर सूची भेजने की मांग प्रमुख रूप से शामिल है! जिनका शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन मिला है !ज्ञापन देने प्रतिनिधि मंडल में प्रमुखरूप से प्रांतीय सलाहकार समिति सदस्य अवनीश पात्र,जिलाध्यक्ष कुमेंद्र कश्यप,जिलाउपाध्यक्ष दीनबंधु वैष्णव,खोमन सिन्हा,जिला कोषाध्यक्ष गणेश दूर्गा,यादवेन्द्र गजेंद्र,महिला मोर्चा से रूपिका रानी मरकाम,मैनपुर ब्लॉक अध्यक्ष उमेश श्रीवास,छूरा ब्लॉक अध्यक्ष धनजंय वर्मा, फिंगेश्वर ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार धुव,गरियाबंद ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द्र ठाकुर फणेंद्र साहू, त्रिलोक सेन, डिगेश देवांगन, नीलाधर प्रधान, सुखसागर कुर्रे, सुनील राजपूत रोहित नेताम, प्रेम मारकण्डे सहित बड़ी संख्या पदाधिकारीगण शामिल हुए।




# बूथ विस्तारक अभियान 2.0 की बैठक संपन्न

## चलो बूथ की ओर

**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। जिले कि विधानसभा में बूथ विस्तारक योजना 2.0 के तहत दीनदयाल मंडल के शक्ति केंद्र 6 की बैठक मनीष असाटी जी के निज निवास पर संपन्न हुई।जिसमें बूथ विस्तारक माखनलाल खटीक,बूथ सह विस्तारक मनीष असाटी ,बूथसहयोग समिति अभिषेक राज,वरिष्ठ नेता भाजपा श्याम बिहारी जडिया, असाटी वार्ड 2 वार्ड अध्यक्ष महेन्द्र सोनी, नया बाजार 1 के वार्ड अध्यक्ष अतुल असाटी, बूथअध्यक्ष नया बाजार 1 अनूप सोनी,बूथ बीएलए अभय सोनू विश्वकर्मा एवं वार्ड के समस्त कार्यकर्ताओं की विशेष उपस्थिति रही।







# श्रीलंका में चीनी दखल से पैदा चुनौतियां

पुनः राष्ट्र प्रमुख चुने जाने के बाद शी जिनपिंग और मुखर होकर एशिया में अमेरिकी ताकत के प्रभाव को चुनौती देंगे, ऐसे में भारत को चीन से लगती अपनी सीमाओं पर सुरक्षा को सुदृढ़ करना जरूरी है। बेशक लद्दाख के बाद अरुणाचल प्रदेश में हालिया चीनी घुसपैठों पर विशेष ध्यान देना जरूरी है किंतु संपूर्ण थलीय और समुद्रीय सीमाओं पर भी यह लागू है। इसके अलावा, हिंद महासागरीय क्षेत्र में चीन की चालों पर विशेष तौर पर नज़र रखनी होगी। यह भी ज़हन में रखना जरूरी है कि बाइडेन प्रशासन ने तेल-संपन्न खाड़ी क्षेत्र को लेकर अमेरिकी विदेश नीति में ऊहापोह स्थिति बना डाली है। अमेरिका ने सऊदी अरब के साथ कूटनीतिक व्यवहार में अनाड़ीपन और असंवेदनशीलता दिखाते हुए इस अहम रिश्ते को बिगाड़ लिया है, जबकि ईरान के साथ संबंध पहले से ही तल्ख हैं। इसी बीच चीन ने सऊदी अरब और ईरान के बीच संबंध पुनः अच्छे करने की मध्यस्थता निभाई है।



चीन अब हिंद-प्रशांत महासागरीय इलाके के विकास में उल्लेखनीय भूमिका निभा रहा है। सऊदी अरब और ईरान के बीच पुनः राजनयिक रिश्ते कायम करवाकर चीन ने अरब खाड़ी इलाके में अमेरिकी प्रभाव को कमतर किया है। इसके अलावा रूस भी अपने विशाल ऊर्जा भंडारों के बूते भुजाएं फड़फड़ा रहा है और प्रभाव क्षेत्र बढ़ाने में लगा है। अमेरिका को यह हकीकत माननी पड़ेगी कि रूस के बहिष्कार में भारत जैसे लोकतांत्रिक मित्र राष्ट्र साथ नहीं आने वाले, खासकर जब ऊर्जा हित दांव पर हों। हालांकि समूचे हिंद-प्रशांत महासागर क्षेत्र में चीन की बढ़ती नौसैन्य एवं आर्थिक ताकत का सामना करने में अमेरिका और भारत के हित एक समान हैं। इस जटिल परिस्थिति में, भारत ने अपने दो महत्वपूर्ण दक्षिण एशियाई पड़ोसी देश यानी पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ व्यवहार में काफी दक्षता दिखाई है। चूंकि इन दोनों के चीन के साथ निकट संबंध हैं, जाहिर है इससे भारत की सुरक्षा पर प्रभाव पड़ता है। चीन-पाकिस्तान रिश्ता मुख्यतः भारत-विरोधी नीति पर टिका है। यह ऐसा संबंध है जिसमें चीन से पाकिस्तान को हथियार दिए जा रहे हैंङ्क परंपरागत और परमाणु। पाकिस्तान का परमाणु कार्यक्रम और नई दिल्ली से लेकर अंडमान-निकोबार द्वीप तक के इलाके को निशाना बनाने मे सक्षम पाकिस्तानी बैलेस्टिक मिसाइलें वस्तुतः चीनी डिज़ाइन की हैं। हालांकि हमें यह स्वीकार करना पड़ेगा कि 1980 के दशक में चले सिंहाला-तमिल जातीय संघर्ष के वक्त श्रीलंका में भारत के प्रति संशयों में उभार आया था। यह वह काल था जब एलटीटीई के साथ भारत के संबंध होने की खासी आशंका जताई गई थी। भारतीय कई बार भूल जाते हैं कि जातीय संघर्ष उत्तरी श्रीलंका तक ही सीमित रहा था, जहां तमिल सदियों से बसे हुए हैं। देश के दक्षिणी भाग में खेती करने वाले तमिल इसमें शामिल नहीं हुए थे। दक्षिणी तमिल, जिनके साथ हाल ही में श्रीलंका के दौरे पर प्रधानमंत्री मोदी की मुलाकातें हुई हैं, वे उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा कर रहे हैं।

फिलहाल श्रीलंका विकट आर्थिक संकट से गुजर रहा है, पाकिस्तान भी ठीक इसी स्थिति में है। जब प्रधानमंत्री मोदी ने श्रीलंका को गंभीर विदेशी मुद्रा संकट से उबारने को 4 बिलियन डॉलर की राहत राशि देने घोषणा की तो एक तरह से कंगाल हुई पड़ी श्रीलंकाई सरकार को आश्चर्यजनक खुशी हुई और काफी अभिभूत भी हुई। रोचक यह कि इसके बाद, देर से जगी चीन सरकार ने भी आनन-फानन में राहत राशि देने की बात कही, किंतु महज 1 बिलियन डॉलर। अनेक पर्यवेक्षकों को यकीन है कि श्रीलंका का मौजूदा आर्थिक संकट अनाप-शनाप खर्चों और बिना सोचे-समझे बहुत ऊंची ब्याज दर पर इंटरनेशनल सौव्रन बॉन्ड्स (आईएसबी) आधारित ऋण लेने से बना है। एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट बैंक ऑफ चाईना ने श्रीलंका को ऋण वापसी में दो साल की छूट देने की पेशकश की है और कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से ऋण लेने में भी सहायता करेगा। लेकिन असल में, चीन ने श्रीलंका के सिर चढ़ा ऋण बोझ कम करने में बहुत कम यत्न किया है।

दरअसल, चीन ने अन्य मुल्कों की भांति श्रीलंका को भी कर्ज-मकड़जाल में फंसा रखा है। यह स्थिति इसलिए पैदा हुई क्योंकि श्रीलंका ने चीनी सहयोग से अनेक परियोजनाएं बनाने हेतु ऋण लिया, इसमें दक्षिणी तट पर स्थित हम्बनतोता बंदरगाह का विकास कार्य मुख्य था। बंदरगाह से पैदा होने वाली कुल कमाई को नज़रअंदाज़ करते हुए यह कर्ज लिया गया। हम्बनतोता बंदरगाह पूर्व राष्ट्रपति राजपक्षे के चुनाव क्षेत्र में आता है। इस बंदरगाह का प्रशासन और कामकाज अब एक तरह से चीन के हाथ में है और यह हिंद महासागर में गश्त करते चीनी नौसैन्य जहाज और पनडुब्बियों का पड़ाव बन चुका है। कहीं कोलोम्बो बंदरगाह की हालत भी ऐसी न हो जाए, भारत ने चीन की उपस्थिति को लेकर कड़ा एतराज जताया था। भारत पहुंचने वाली वस्तुओं का विशाल भाग, जिसमें संवेदनशील उपकरण भी शामिल हैं, इस बंदरगाह से होकर आता है। इस बीच, सूचना है अडाणी ग्रुप ने लगभग 700 मिलियन डॉलर का निवेश कर वेस्ट कॉन्टेनर टर्मिनल नामक एक अलग आवाजाही बंदरगाह सुविधा हासिल कर ली है। पिछले साल पूर्व राष्ट्रपति गोटाबया राजपक्षे और पूरे राजपक्षे परिवार के खिलाफ बने जनाक्रोश उपरांत श्रीलंका संसद के अनुमोदन से वरिष्ठ नेता रनिल विक्रमसिंघे को नया राष्ट्रपति नियुक्त किया गया। विक्रमसिंघे ने लगभग ध्वस्त पड़ी देश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए सावधानी भरे और प्रभावशाली कदम उठाए हैं। इस मुश्किल घड़ी में प्रधानमंत्री मोदी की दरियादिल मदद के लिए तमाम श्रीलंकाई शुक्रगुजार हैं। जिस तरह विदेश मंत्री जयशंकर और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस आपातकाल में सहायतार्थ त्वरित प्रतिक्रिया दिखाई है, उसकी भी भूरि-भूरि प्रशंसा हो रही है। अपनी एकदम हालिया कोलम्बो यात्रा के दौरान अपने श्रीलंकाई मित्रों से हुई मुलाकातों में बातचीत में पाया कि पिछले दिनों में भारत ने बहुत साख अर्जित की है। अब इसके साथ अन्य विषयों पर भी आगे बढ़ना होगा। बतौर आस्थावान बौद्ध, सिंहाला लोग बोध-गया की यात्रा के दौरान बेहतर सुविधाओं की आस रखते हैं। लिहाजा बोध-गया तक रेल सेवा में सुधार लाने के अलावा भारत में रिहायश के दौरान सुविधाओं में सुधार करने के लिए संयुक्त निगरानी उपाय करने चाहिए। आपसी व्यापार, पर्यटन और निवेश में भुगतान रूपि-ऐप से करने को बढ़ावा देने हेतु अनेकानेक उपाय करने की जरूरत है। तलाईमन्नार-रामेश्वरम नौका-फेरी को पुनः शुरू करके आवाजाही आसान की जा सकती है। सबसे महत्वपूर्ण, चूंकि आने वाले महीनों में त्रिकोणमल्ली बदरगाह से काम शुरू होने जा रहा है, सो नये द्विपक्षीय आर्थिक अवसर पैदा होना निश्चित है।

## संपादकीय

# सचमुच नाचा देश

आरआरआर फिल्म के विश्वविख्यात गाने 'नाटू-नाटू' यानी 'नाचो-नाचो' की कामयाबी पर सचमुच पूरा देश खुशी से झूम उठा है। ऐसा पहली बार हुआ कि भारतीय परिवेश, जीवन दर्शन और संगीत पर आधारित दो प्रविष्टियों को अकादमी अवार्ड्स की दो श्रेणियों में ऑस्कर अवॉर्ड मिले हों। जहां 'नाटू-नाटू' को ओरिजनल सॉन्ग की श्रेणी में ऑस्कर पुरस्कार मिला, वहीं कार्तिकेय गोंजाल्विस व गुनीत मोंगा की डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' को सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री श्रेणी में यह सम्मान मिला। जब भी किसी रचना को शिखर की सफलता मिलती है तो निस्संदेह उसकी गुणवत्ता भी उस स्तर की रही होगी। जहां पूरी दुनिया की प्रतिभाएं मुकाबले में होती हैं। फिर ऐसी किसी रचना की अंतर्राष्ट्रीय स्वीकार्यता का प्रश्न भी होता है। विकसित देश तकनीक, सुविधा और संसाधनों के मुकाबले में हमसे कहीं आगे हैं। ऐसे में उनके घर में उनकी प्रविष्टियों को पीछे छोड़ना निस्संदेह बड़ी चुनौती होती है। आज पूरी दुनिया यदि 'नाटू-नाटू' पर झूम रही है तो उसके मूल में फिल्म के डायरेक्टर एस.एस. राजामौली की दृष्टि और तपस्या भी है। सही मायनों में यह उम्दा निदेशक, गीतकार, संगीतकार और कलाकारों की त्रुटिरहित जुगलबंदी का ही नतीजा है कि एक उत्कृष्ट गीत सामने आया। दरअसल, दक्षिण भारत के चर्चित अभिनेता एनटीआर जूनियर व रामचरण के उम्दा डांस, निदेशक राजामौली की पारखी-सधी दृष्टि,संगीत निदेशक एम.एम. किरावानी और गीतकार चंद्रबोस की मौलिक प्रतिभा ने यह इतिहास रचा है। यूं तो इस गाने ने पहले भी कई अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार जीते हैं, लेकिन ऑस्कर के मायने बड़े हैं। जब दुनिया ने गीत को ओरिजनल माना तो उसमें जरूर ऐसा दमखम रहा होगा। मौलिक गाने का मानक होता है कि गाने की धुन, विषय व अर्थ पर किसी अन्य गाने का प्रभाव न हो। दक्षिण के दो बेहतरीन डांसर एनटीआर व रामचरण की जुगलबंदी ने इस गाने की स्वीकार्यता को नई ऊंचाई दी। वे मौलिक रचना व हृदयस्पर्शी धुन को उस स्तर तक ले गये, जहां इसे सुनकर हर कोई वाह-वाह कहने को बाध्य हो जाये।

दरअसल, इन कलाकारों ने गीतकार चंद्रबोस के शब्दों, किरावानी के संगीत तथा राजामौली की सोच को वो ऊंचाई दे दी कि पूरी दुनिया 'नाटू-नाटू' करने लगी। वहीं इस गीत में वर्ष 1920 के तेलंगाना व आंध्रप्रदेश के उस परिवेश व तेवर को भी जीवंत किया गया जो फिरंगियों से दो-दो हाथ कर रहा था। दरअसल, तमाम बदलावों, रिटेक, पुनर्लेखन के बाद और पसीना बहाकर यह उपब्लधि हकीकत बनी। सोमवार की सुबह जिस दूसरी कामयाबी से भारतीय आह्लादित हुए वह थी 'द एलीफेंट व्हिसपर्स' का पहली बार देश की तरफ से किसी डॉक्यूमेंट्री के लिये ऑस्कर का जीतना। सर्वोत्तम डॉक्यूमेंट्री का पुरस्कार जीतने वाली इस कृति के मुकाबले में कई चर्चित डॉक्यूमेंट्री थीं। लेकिन प्रकृति व जीवों के सहअस्तित्व की भारतीय अवधारणा को चित्रित करने वाली 'द एलीफेंट व्हिसपर्स' ने कामयाबी की नई इबारत लिखी। दरअसल,यह डॉक्यूमेंट्री एक ऐसे भारतीय दंपति बोम्मन व बेल्ली की मार्मिक कहानी पर आधारित है जो एक मरणासन्न हाथी के बच्चे को नया जीवन देकर उसे अपने बच्चे की तरह पालते हैं। तमिलनाडु के एक टाइगर रिजर्व में रहने वाले कट्टूनायकन समुदाय के इस दंपति द्वारा वन्यजीवों के संरक्षण व पोषण का हृदयस्पर्शी चित्रण पूरी दुनिया को भाया है। पहले मिले रघु हाथी के बाद कई अन्य हाथी के बच्चों को अपने बच्चों की तरह पालकर इस दंपति ने नया जीवन दिया। उनके प्रयासों को पांच साल तक देखने के बाद कार्तिकी गोंजाल्विस ने दो साल शूटिंग करके यह फिल्म बनायी। दरअसल, मनुष्य व जंगली जानवरों के रिश्तों को मार्मिकता के साथ प्रस्तुत करने के कारण यह एक उम्दा डॉक्यूमेंट्री बन पायी। निस्संदेह, फिल्म इंसान व जीवों के सह-अस्तित्व का महत्वपूर्ण संदेश देती है। यानी प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर ही विकास को सार्थक बनाया जा सकता है। फिल्म का निर्माण गुनीत मोंगा व अचिन जैन की कंपनी शिक्या एंटरटेनमेंट ने किया। पुरस्कार की खबर से बोम्मन व बेल्ली खुश तो हैं लेकिन दुख इस बात का है कि उनका रघु उनके साथ नहीं है। निस्संदेह, इन दोनों पुरस्कारों ने हर भारतीय को गर्व करने का एक अवसर प्रदान किया है।

# मौसमी बदलाव से मुकाबले में उपयोगी फसल विविधता

फरवरी-2023 का दूसरा हफ्ता समूचे हिमाचल प्रदेश के लिए तपती गर्मी ले आया। भले ही पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोग इसे घाटे का मौसम कह रहे हैं लेकिन असली खतरा तो खेती पर मंडरा रहा है। हिमाचल की अर्थव्यवस्था का आधार फल व सब्जियों की खेती है और अचानक गर्मी से फसल बहुत हद तक खराब हो रही है। सबसे अधिक असर तो गेहूं पर पड़ रहा है जो इस समय पकने को तैयार है। अचानक इतनी गर्मी होने से दाने का सिकुड़ना तय है जिससे वजन और पौष्टिकता कम होगी। अब बहुत देर नहीं है जब बदलते मौसम के कुप्रभाव खेती पर दिखेंगे। वहीं भारतीय गेहूं और जौ अनुसंधान केंद्र (आईसीएआर) ने चेतावनी दी है कि मार्च के तीसरे हफ्ते के बाद बरसात होने की संभावना है और यह तैयार फसल के लिए घातक होगी। बीते कुछ सालों में मौसम का चरम होना-खासकर अचानक भारी बरसात हो जाने से खड़ी फसल की बर्बादी किसान को कमजोर करती रही है।



धरती के तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी और उसके उपजे जलवायु परिवर्तन का भीषण खतरा अब दुनिया के साथ-साथ भारत पर मंडरा रहा है। यह केवल असामयिक मौसम बदलाव या प्राकृतिक आपदाओं तक सीमित नहीं रहने वाला है। यह भोजन, जलाशयों में पानी की शुद्धता, खाद्य पदार्थों की पौष्टिकता, प्रजनन क्षमता से लेकर जीवन के सभी पहलुओं पर विषम प्रभाव डालने लगा है।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का एक शोध बताता है कि 2030 तक धरती के तापमान में 0.5 से 1.2 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि अवश्यंभावी है। साल-दर-साल बढ़ते तापमान का प्रभाव साल 2050 में 0.80 से 3.16 डिग्री हो सकता है। तापमान में एक डिग्री बढ़ोतरी का अर्थ है कि प्रति हेक्टेयर 360 किलो फसल की कमी आ जाना। जलवायु परिवर्तन के चलते खेती के लिहाज से 310 जिलों को संवेदनशील माना गया है। इनमें से 109 जिले बेहद संवेदनशील हैं जहां अगले एक दशक में ही कृषि उपज , पशु धन ,मुर्गी पालन व मछली उत्पादन तक में कमी आने की संभावना है। तापमान बढ़ने से बरसात के चक्र में बदलाव, बेमौसम व असामान्य बारिश, तीखी गर्मी, बाढ़ व सुखाड़ की सीधी मार किसान पर पड़नी है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक भी जीविका के लिए खेती पर निर्भर लोगों की संख्या भले ही घटे, लेकिन उनकी आय का दायरा सिमटता जा रहा है। दरअसल, सूखे-बरसात की भरमार से किसान उधार में दबा रहता है तभी वह खेती छोड़ने को मजबूर है।

भारत मौसम, भूमि-उपयोग, वनस्पति, जीवों के मामले में व्यापक विविधता वाला देश है और यहां जलवायु परिवर्तन का प्रभाव भी कुछ सौ किलोमीटर की दूरी पर अलग किस्म से हो रहा है। लेकिन पानी बचाने, कुपोषण व भूख से निबटने की चिंता पूरे देश में एक समान है। देश में उपलब्ध ताजे पानी का 75 फीसदी अभी भी खेती में खर्च हो रहा है। तापमान बढ़ने से जल-निधियों पर असर दो दशक से जारी है। प्रोसिडिंग्स ऑफ नेशनल अकादमी ऑफ साइंस नामक जर्नल में प्रकाशित एक शोध पत्र के अनुसार, भारत को जलवायु परिवर्तन के कृषि पर प्रभावों को कम करते हुए यदि पोषण के स्तर को कायम रखना है तब रागी, बाजरा और जई जैसे फसलों का उत्पादन बढ़ाना होगा। इस अध्ययन को कोलंबिया यूनिवर्सिटी के डाटा साइंस इंस्टीट्यूट ने किया है। कोलंबिया यूनिवर्सिटी के डाटा साइंस इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिक डॉ कैले डेविस ने भारत में जलवायु परिवर्तन के कृषि पर प्रभावों, पोषण स्तर, पानी की कमी और कृषि के लिए भूमि के अभाव पर अध्ययन किया है। उनके अनुसार भारत में तापमान वृद्धि के कारण कृषि उत्पादकता घट रही है और पोषक तत्व कम हो रहे हैं। यहां भविष्य के लिए पानी बचाना है और पोषण स्तर भी बढ़ाना है तो गेहूं-चावल पर निर्भरता कम करनी होगी।

अमेरिका के आरेजोन राज्य की सालाना जलवायु परिवर्तन रिपोर्ट - 2017 में चेता दिया गया था कि मौसम में बदलाव के कारण पानी को सुरक्षित रखने वाले जलाशयों में ऐसे शैवाल विकसित हो रहे हैं जो पानी की गुणवत्ता प्रभावित कर रहे हैं। पिछले दिनों अमेरिका के करीब 60 हजार जलाशयों के जल का परीक्षण वहां के नेशनल लेक असेसमेंट विभाग ने किया और पाया कि जलाशयों में कम पानी होता है तो तापमान और अम्लीयता बढ़ जाती है। जलाशय सूखते हैं तो तलहटी में कई किस्म के खनिज और अवांछित रसायन एकत्र हो जाते हैं और जैसे ही उसमें पानी आता है तो वे उसकी गुणवत्ता पर विपरीत असर डालते हैं। ये दोनों ही हालात जल में पैदा होने वाली मछली, वनस्पति आदि के लिए घातक हैं। भारत में तो यह हालात हर साल उभर रहे हैं । जलवायु परिवर्तन का बड़ा कारण वातावरण में बढ़ रही कार्बन डाईआक्साइड की मात्रा है। हार्वर्ड टी.एच. चान स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ की ताजा रिपोर्ट बताती है कि इससे हमारे भोजन में पोषक तत्वों की भी कमी हो रही है। यह भी कि धरती के तापमान में बढ़ोतरी खाद्य सुरक्षा के लिए दोहरा खतरा है। आईपीसीसी समेत कई अंतर्राष्ट्रीय अध्ययनों में इससे कृषि उत्पादन घटने की आशंका जाहिर की गई । इससे खाद्य संकट पैदा हो सकता है। नयी रिपोर्ट एक और बड़े खतरे की ओर आगाह कर रही है कि कार्बन उत्सर्जन से भोजन में पोषक तत्वों की कमी हो रही है। चावल समेत तमाम फसलों में पोषक तत्व घट रहे हैं। इससे 2050 तक दुनिया में 17.5 करोड़ लोगों में जिंक की कमी होगी, 12.2 करोड़ लोग प्रोटीन की कमी से ग्रस्त होंगे। दरअसल, 63 फीसदी प्रोटीन, 81 फीसदी आयरन तथा 68 फीसदी जिंक की आपूर्ति पेड़-पौधों से होती है। रिपोर्ट भारत जैसे देशों के लिए चेतावनी है क्योंकि हमारे यहां पहले से कुपोषण एक बड़ी समस्या है।

# भिलाई इस्पात संयंत्र और दल्ली राजहरा को संजीवनी देगा बस्तर

बस्तर संभाग की कलमा नानगुर खान से होगी लौह अयस्क आपूर्ति0-दल्ली राजहरा में होगी आयरन ओर की सफाई, मिलेगा सबको काम बस0-तर के बेरोजगारों, मजदूरों को उपलब्ध होंगे रोजगार के अवसरअर्जुन झाकहते हैं बस्तर के आदिवासी खुद भूखे रह जाते हैं, मगर मेहमान को खाना जरूर खिलाते हैं। बस्तर की माटी की भी तासीर कुछ इसी तरह की है। बस्तर की र प्रतिशतगर्भा धरती अपने लालों का तो ध्यान रखती ही है, दूर दराज के लोगों का भी भला और पोषण करती है। बस्तर की यही र प्रतिशतगर्भा धरती अब भिलाई इस्पात संयंत्र और दल्ली राजहरा को संजीवनी देने वाली है। यहां की धरती के एक और हिस्से में उच्च गुणवत्ता वाले लौह अयस्क का अकूत भंडार मिला है, जो न सिर्फ भिलाई इस्पात संयंत्र की धमन भट्ठीयों को धधकाए रखने में अहम भूमिका निभाएगा, बल्कि अंतिम सांसे गिन रहे दल्ली राजहरा को भी संजीवनी देगा। दरअसल बस्तर संभाग के कलमा नानगुर में स्थित लौह अयस्क खदान से अब भिलाई स्टील प्लांट को दल्ली राजहरा के रास्ते लौह अयस्क की आपूर्ति होगी।बस्तर संभाग के कलमा नानगुर में लौह अयस्क का बड़ा भंडार मिला है। वहां 44 एकड़ क्षेत्रफल में उच्च गुणवत्ता वाला लौह अयस्क उपलब्ध है। कलमा नागुर खदान के लौह अयस्क क्वालिटी 61 प्रतिशत आयरन कंटेंट वाली है। कलमा नानगुर खदान दल्ली राजहरा से महज 30 किमी दूर स्थित है। केंद्र सरकार के खनिज मंत्रालय, पर्यावरण मंत्रालय और इस्पात मंत्रालय ने इसके लिए मंजूरी दे दी है। दुर्ग के सांसद विजय बघेल ने इस मामले में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। सूत्रों के मुताबिक कलमा नानगुर से लौह अयस्क सड़क मार्ग के जरिए पहले दल्ली राजहरा पहुंचेगा। दल्ली राजहरा खदान की वाशरी में धुलाई और सफाई के बाद लौह अयस्क को मालगाडियों के माध्यम से भिलाई इस्पात संयंत्र तक पहुंचाया जाएगा। ज्ञातव्य है कि भिलाई इस्पात संयंत्र में लौह अयस्क आपूर्ति के लिए रावघाट माइंस को विकसित करने का काम लगभग पूरा हो चुका है, मगर कुछ अड़चनों की वजह से वहां खनन आरंभ नहीं हो सका है। रावघाट माइंस 220 एकड़ रकबे में फैला हुआ है। पेड़ों की कटाई की स्वीकृति न मिल पाने के कारण खनन अब तक प्रारंभ नहीं हो पाया है। वहीं दूसरी ओर दल्ली राजहरा की खदानों में आयरन ओर समाप्ति की ओर है। वहां न के बराबर लौह अयस्क बचा रह गया है, जो भिलाई इस्पात संयंत्र की सांसों को ज्यादा दिनों तक थामे रख पाने में सक्षम नहीं है। ऐसी विषम परिस्थितियों के बीच कलमा नानगुर की खदान भिलाई इस्पात संयंत्र को नया जीवन देने वाली साबित होगी। बताया गया है कि कलमा नानगुर से लौह अयस्क दल्ली राजहरा तक सड़क मार्ग से ले जाया जाएगा। दल्ली राजहरा माइंस में आयरन ओर की धुलाई और सफाई के लिए वाशरी एवं अन्य उपकरण पहले से ही मौजूद हैं, जिनकी मदद से कमला नानगुर से पहुंचने वाले आयरन ओर की सफाई कर उसे मालगाडियों के जरिए भिलाई इस्पात संयंत्र भेजा जाएगा।बॉक्सस्थानीय लोगों को मिलेगा रोजगारकलमा नानगुर में लौह अयस्क का खनन आरंभ हो जाने पर बस्तर के शिक्षित, प्रशिक्षित बेरोजगार युवाओं और मजदूरों को भरपूर रोजगार मिलेगा। बस्तरिहा मजदूरों को भी काम की तलाश में आंध्रप्रदेश, तेलंगाना और महाराष्ट्र की ओर कूच नहीं करना पड़ेगा। उन्हें कलमा नानगुर की लौह अयस्क खदान में ही काम मिलने लगेगा। विदित हो कि बस्तर के मजदूर हर साल मिर्च तोड़ाई और अन्य कार्य करने के लिए हर साल आंध्रप्रदेश जाते हैं। इसी तरह रोजी रोटी की तलाश में उन्हें तेलंगाना और महाराष्ट्र भी जाना पड़ता है। अब उन्हें पलायन के अभिशाप से मुक्ति मिल जाएगी। कलमा नानगुर लौह अयस्क खदान का सर्वाधिक लाभ कांकेर और नारायणपुर जिलों के बेरोजगारों और मजदूरों को मिलेगा। क्योंकि इन दोनों जिलों की सीमाओं पर ही कलमा नानगुर खदान स्थित है। कांकेर, नारायणपुर, कलमा नानगुर व आसपास के गांवों में व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगाबॉक्सअब दिन फिरेंगे दल्ली राजहरा के भीकलमा नानगुर की लौह अयस्क खदान भिलाई इस्पात संयंत्र के लिए तो वरदान साबित होगा ही, डायलिसिस पर रहकर अंतिम सांसे गिन रहे खनिज नगरी दल्ली राजहरा के लिए भी संजीवनी बूटी से कतई कम असरकारी नहीं होगा। एक जमाना था, जब दल्ली राजहरा की खदानों में की जाने वाली ब्लास्टिंग के धमाके पूरे शहर में हर वक्त सुनाई देते थे, डंपर, टिप्पर का रेला लगा रहता था, गैरेजों में मरम्मत के लिए बड़ी गाडियों की लाईन लगी रहती थी, लाल रंग की शर्ट और हरे रंग की हाफ पेंट पहने मजदूरों की भीड़ हर तरफ नजर आती थी, दुकानों में बड़ी रौनक रहती थी। अब वो दिन फना हो चुके हैं। न बारुदी धमाके सुनाई देते हैं, न डंपर, टिप्पर बहुत ही दिखते हैं, मजदूरों की भीड़ भी अब नहीं रह गई है और दुकानों में सन्नाटा पसरा रहता है। गैरेजों में वीरानी का आलम रहता है। दल्ली राजहरा माइंस में नौकरी करना बड़े ही शान की बात मानी जाती थी, माइंस के कामगारों का रुतबा ही अलग होता था। महामाया माइंस से लौह अयस्क परिवहन करने के लिए सैकड़ों ट्रांसपोर्टर्स के डंपर, टिप्पर दिन रात महामाया से दल्ली राजहरा के बीच चौबीसों घंटे दौड़ते रहते थे। माइंस में हजारों लोग नियमित कामगार के रूप में काम करते ही थे, लौह अयस्क परिवहन में लगे ट्रांसपोर्टर्स के टिप्पर, डंपर में भी हजारों मजदूरों को काम मिलता था। गैरेज संचालकों और उनके अधीन काम करने वाले मेकेनिक भी अच्छी खासी कमाई कर लेते थे। दुकानदारों का काम भी बढिया चल रहा था। अब उम्मीद की जा रही है कि कलमा नानगुर खदान दल्ली राजहरा के पुराने दिन लौटाने में सहायक होगी। ट्रांसपोर्टर्स को फिर से काम मिलने लगेंगा। मजदूरों को पर्याप्त काम मिलेगा और दुकानों तथा गैरेजों में रौनक लौट आएगी।लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।

# नप परिषद कार्यालय में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के क्रियान्वयन हेतु एसडीएम ने ली बैठक

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह।** मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के क्रियान्वयन हेतु नगर परिषद दबोह में बैठक का आयोजन किया गया।जिसमे मुख्य रूप से एसडीएम लहार आर ए प्रजापति मौजूद रहे।एसडीएम लहार ने मौजूद पार्षद व पार्षद प्रतिनिधियो को लाड़ली बहना योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं और बेटियों को वित्तीय रूप से मजबूत करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारें कई तरह की योजनाएं चला रही हैं।अब मध्य प्रदेश सरकार ने महिलाओं और बेटियों को आर्थिक मदद के इरादे से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का शुभारंभ किया है।उन्होने बताया कि लाड़ली बहना योजना के जरिए लाभार्थी महिलाओं और बेटियों को हर महीने 1,000 रुपये दिए जाएंगे।जो हर महीने की 10 तारीख को लाभार्थी के बैंक खाते में पहुंचेंगे।इस तरह राज्य



सरकार साल भर में लाभार्थियों को 12 हजार रुपये देगी। योजना के लिए सरकार ने 60 हजार करोड़ रुपए बजट का प्रावधान किया है।यह राशि अगले 5 साल में इस योजना के लाभार्थियों के लिए खर्च की जाएगी।उन्होंने कहा कि इच्छुक महिलाओं के आवेदन पत्र कैंप के माध्यम से 25 मार्च 2023 से भरे जाएंगे।इसके अलावा आवेदन के लिए कैंप लगाए जाएंगे।उन्होंने पार्षद व पार्षद प्रतिनिधियो से भी योजना पर जोर डालने की बात कही है।उन्होंने कहा कि अगर कोई पात्रता में आता है तो आप लोग उसका फॉर्म अवश्य भरवाएं जिससे ज्यादा से ज्यादा हितग्राहियों को शासन की योजना का लाभ मिल सके।इस दौरान नायाब तहसीलदार अमित दुबे,विधायक प्रतिनिधि शिवनारायण दुबे,उपाध्यक्ष हाकिम सिंह,अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र दुधारिया,सीएमओ प्रदीप ताम्रकार के साथ पार्षद व पार्षद प्रतिनिधि मौजूद रहे।

**बहनो की महति योजना में नही पहुंची महिला पार्षद**–मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के क्रियान्वयन के दौरान नगर परिषद कार्यालय में हुई बैठक में महिला पार्षद नदारद रही।वजह क्या रही यह नही पता।परन्तु बहनो की महति योजना में महिला पार्षदों की जगह इनके पार्षद प्रतिनिधियो ने निभाई। जबकि पूर्व में भिण्ड कलेक्टर महोदय ने अपने एक पत्र में आदेश किया था कि महिला पार्षदो की जगह उनके परिवार का कोई भी व्यक्ति शासकीय कार्य मे शामिल नही हो सकेगा।फिलहाल तो इस बैठक में एसडीएम लहार आर ए प्रजापति मुख्य रूप से मौजूद रहे।



## खसरे से बचाव के लिये दो खुराक एमआर वेक्सीन की है जरूरत

पुष्पांजली टुडे

**दमोह।** 16 मार्च विश्व खसरा दिवस के मौके पर खसरा निर्मूलन के उद्देश्य से जिले में एमआर वेक्सीन से छूटे 05 साल तक के बच्चों को खसरा से सुरक्षित करने के लिये विशेष कैचअप राउंड की शुरूआत जिले में शहरी आंगनबाड़ी केन्द्रों से की गई है जो 23 मार्च तक शहरी क्षेत्र के अलावा सभी विकासखण्ड अंतर्गत ग्रामों में अभियान रूप में चलाया जायेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संगीता त्रिवेदी ने बताया खसरा एक बेहद संक्रामक जानलेवा बीमारी है। खसरे से संक्रमित बच्चा, 12-18 बच्चों को संक्रमित कर सकता है। ऐसे में जरूरी है कि, बच्चों को खसरे से पूर्ण सुरक्षा देने के लिये एमआर वेक्सीन के दो डोज दिये जायें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. त्रिवेदी ने 09 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों के अभिभावकों, परिजनों से आग्रह करते हुये कहा है कि किसी कारणवश बच्चे को एमआर टीका की दो खुराक नहीं दिला पाये हैं तो ऐसे में आपके नजदीकी आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चे को लाकर खसरा की बीमारी से सुरक्षा दिलाने और सुरक्षित जीवन देने एमआर वेक्सीन की दो डोज अवश्य लगवायें। खसरा से संक्रमित बच्चों की लाक्षणिक पहचान के संबंध में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. रैक्सन एलबर्ट ने बताया शरीर में लाल दाने, नाक बहना, आंख लाल होना इत्यादि लक्षण दिखाई देते हैं। खसरा निर्मूलन के लिये एमआर कव्हरेज 95 प्रतिशत होगा तभी खसरा मुक्त हो पायेंगे। इस दिशा में बच्चों को एमआर के दो डोज लगाने विशेष अभियान के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों में एमआर टीकाकरण प्रशिक्षित वेक्सीनेटर के माध्यम से किया जा रहा है।

## बिजली विभाग और वन विभाग कि लापरवाही से वन्य जीव कि मौत

पुष्पांजली टुडे



दमोह। बिजली विभाग और वन विभाग कि लापरवाही का नुकसान मूक जानवरों को उठाना पड़ा। मामला कुम्हारी क्षेत्र के पास खमरिया वीट अंतर्गत बमनी गांव का है जहाँ बिजली का तार नीचे गिर जाने से गाय चपेट में आ गई, जिससे घटनास्थल पर ही गाय कि मौत हो गई। तो वही मृत गाय का शिकार करने गये तेंदुआ कि भी करंट कि चपेट में आने से मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर वन मंडल अधिकारी (डीएफओ) एम.एस. उईके, वन परिक्षेत्र अधिकारी अखिलेश चौरसिया सहित वन विभाग अमला एवं ग्रामीण जन मौजूद रहे। घटना के बाद मामले कि उचित जांच की जा रही है।

## दबोह आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने लाड़ली बहना योजना का किया बहिष्कार

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बोलीं नही करेंगे कोई भी सहयोग

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे





दबोह। भारतीय जनता पार्टी की बहुत प्रतीक्षित लाडली बहना योजना का शुक्रवार को दबोह आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बहिष्कार किया और नगर परिषद के द्वारा बुलाई गई बैठक से उठकर बहार निकल गई।यहां बता दे कि पूरे प्रदेश की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अपनी मांगों को लेकर 15 मार्च 2023 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है।उन्होंने नगर परिषद के परिसर में एक चार सूत्रीय ज्ञापन नायाब तहसीलदार अमित दुबे को दिया।सबाल यह है कि जब आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हड़ताल पर थी तो उन्हें इस बैठक में क्यों बुलाया गया..ड़जब मीडिया ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से पूछा तो उनका कहना था कि हमे नगर परिषद दबोह के कर्मचारी द्वारा सीएमओ दबोह का एक पत्र मिला था जिसमे मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के क्रियान्वयन हेतु बैठक में उपस्थित रहने का जिक्र था।जब आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से पूछा गया कि क्या आप लोग काम नही करेगी तो उनका कहना था कि जब तक हमारी मांगे पूरी नही होगी तब तक कोई काम नही करेगा।

### इनका कहना

1-सहयोग नही करेंगी तो यह उनका आउटलुक है।हमने तो बुलाया भी नही था।उनकी कोई हड़ताल होगी तो उनका विभाग जाने हमे तो कोई सूचना दी नही उन्होने।

**आर ए प्रजापति, एसडीएम लहार**

2-आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने वेतन बड़ाने को लेकर ज्ञापन दिया है।उसको शासन तक पहुंचाएंगे।

**अमित दुबे, नायाब तहसीलदार दबोह**

3-जब तक हमारी मांगे पूरी नही होंगी हम अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे।

**अमृता चँसोलिया, दबोह वार्ड नम्बर 05 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता**

# ग्राम झाकरी में बने क्रेशर की दीवार टूटने की वजह से दीवार के मलबे में दबकर हुई 8 वर्षीय विकास की मृत्यु



**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ.बेताल सिंह गौड़**

मैं कार्य. प. आर. 573 अजय शर्मा थाना मौ में प्रधान आरक्षक लेखक के पद पर पदस्थ हूँ आज दिनांक 16.03 2023 को आर . 420 राकेश तोमर ने सीएचसी गोहद से देहाती मर्ग इन्टीमेशन क0/23 धारा 174 जा. फौ में मृतक विकाश पुत्र बीर सिंह आदिवासी उम्र 08 साल निवासी मुबारकपुर थाना कोलारस जिला शिवपुरी थाना मौ जिला भिण्ट की असल मर्ग कायमी हेतु लाकर प्रस्तुत की। नकल मर्ग इंटीमेशन हस्य जेल है। देहाती नालसी मर्ग इन्टीमेशन थाना मौ जिला भिण्ड, मर्ग क्र. 0/23 धारा 174 जा.फौ. नाम सूचनाकर्ता वीर सिंह पुत्र मंगलिया आदिवासी उम्र 33 साल नि. मुबारकपुर याना कोलारस जिला शिवपुरी मो. न. 8103568258. नाम मृतक विकास पुत्र और सिंह आदिवासी उप 05 साल निवासी मुबारकपुर थाना कोलारस जिला शिवपुरी घटना स्थल हाल घटना स्थल पाम ग्राकरी मोजा का सरकारी तालाब पर बालाघटना दिनांक 16/03/23 के सुबह 10.30 बजे फायमी दिनांक 16/03/23 के 15.15 बजे कामी कर्ता का राजन बिनोद कुमार पुलिस चौकी झाकरी थाना मौसूचना वीर सिंह पुत्र या आदिवासी उम्र 33 साल नि. मुबारकपुर याना कोलारस जिला शिवपुरी ने सीएचसी गोहद में जुबानी सूचना दी कि मैं अपने परिवार के साथ ग्राम झाकरी में सतेन्द सिंह जाट के यहाँ सरसो की फसल काटने हेतु मजदूरी करने आया था और आज दिनांक 16.03.23 को सुबह करीबन दस बजे में व मेरी पनी अपने बने विकास आदिवासी और अन्य मजदूरों के साथ सतेन्द्र सिंह जाट निवासी झाकरी के टगर बाले खेत पर सरसों काट रहे थे मेरा लड़का विकाश उम्र 08 माल वहा कुछ दूरी पर सरकारी तालाब के किनारे खेल रहा था तभी अचानक तालाब के किनारे की मिट्टी बसककर मेरे लड़के विकाश के ऊपर गिर गई जिससे मेरा लड़का पानी में गिर गया व मिट्टी उसके ऊपर गिर गयी। जिसे में लेकर सरकारी अस्पताल गोहद आया तो डाक्टर साहब ने उसकी मौत होना बताया मेरे लड़के विकाश की बाड़ी पीएम हाउस में रखी है। सूचना करता हू कार्यवाही की जाये हस्ताक्षर हिन्दी बीरसिंह उपरोक्त सूचना पर मर्ग क्र.0/23 धारा 174 का लेख किया गया । असल मर्ग कायमी हेतु आर. 420 राकेश तोमर को थाना मौ भेजा जाता है।

## मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना का शुभारंभ

**पुष्पांजली टूडे, पहलवान सिंह राजावत**

मालनपुर। मालनपुर में आज से नगर परिषद के 15 वार्डों में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के लिए शिविर का शुभारंभ हुआ जिनमें परिवार आईडी ई केवाईसी आधार के लिए शिविर लगाए जाएंगे बता दें कि आज वार्ड नंबर एक और वार्ड नंबर 5 में शिविर लगाकर मध्य प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही लाडली बहना



योजना ईकेवाईसी के लिए शिविर लगाया गया बता दे कि मध्य प्रदेश सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा ऐलान किया गया था कि मध्य प्रदेश की सभी बहनों को प्रत्येक महीने ड़1000 खाते में डाले जाएंगे उसी क्रम में मालानपुर नगर परिषद द्वारा वार्ड नंबर एक और वार्ड नंबर पांच में कैंप लगाकर शुरुआत की जिसमें नगर परिषद अध्यक्ष रायश्री मुकेश जाटव ने बताया कि नगर के 15 वार्डों में कोई भी पात्र महिला वंचित न रह जाए इसके लिए प्रत्येक वार्ड में ईकेवाईसी आधार समग्र आईडी के लिए 22 तारीख तक शिविर लगाए जाएंगे उसके बाद फार्म भरने की प्रक्रिया शुरू होगी इस अवसर पर वार्ड प्रभारी मोहर सिंह, हरपाल सुमन, बृजेश सिंह, अदि कर्मचारी मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय जाट महाधिवेशन पंचकूला (चंडीगढ़) कल आयोजन होगा

**पुष्पाजंली टुडे**

चंडीगढ़। पुरे भारत से जाट रविवार 19 मार्च 2023 को पहुंचेंगे पंचकुला, विदेशों से भी पहुंचेगे जाट सरदारी, मेजबान की भूमिका में होगा हरियाणा, प्रदेश शिरकत करेंगी सभी खापें, किसान संगठनों व तमाम सामाजिक संगठनों में भी है भारी उत्साह, भारी संख्या में समाज की हर क्षेत्र की प्रतिभाए, पत्रकार,जाट समाज के दिग्गज राजनेता,कलमकार, कलाकार और अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी, व्यापारी, जाट समाज के रिटायर्ड अधिकारी,कर्मचारी भी करेंगे शिरकत अखिल भारतीय जाट समाज कर्नाटक बेंगलुरु के सचिव रामनिवास ककड़ावा ने बताया की दक्षिण भारत कर्नाटक बेंगलुरु से उद्योगपति व्यापारी और सामाजिक



संगठन के मुखिया भी पहुंच रहे हैं महा आयोजन में शिरकत करने के लिए जाट युवा सरदारी राष्ट्रीय जाट अधिवेशन को लेकर युवाओं और समाज की महिलाओं, बुजुर्गों में है जोश और उत्साह किसान मसीहा दीन बंधु सर छोटू राम की डाक्यूमेंट्री का भी होगा उसी दिन विमोचन जाट समाज के महापुरुषों के गौरवशाली इतिहास, समाज की मौजूदा आर्थिक , राजनीतिक और सामाजिक दशा और दिशा के सुधारों और समाधनों को लेकर विस्तार से होगी सामूहिक विस्तृत चर्चा इतिहासिक होगा राष्ट्रीय जाट अधिवेशन पंचकुला अंतराष्ट्रीय जाट संसद की मुहीम को विश्व स्तरीय मिलेगी नवीन गति और पहचान 21 वीं सदी के आधुनिक डिजिटल युग में समाज के छात्र, छात्राओ, युवाओं व युवतियों की शिक्षा, रोजगार व स्वरोजगार में विदेशों में शानदार कैरियर और उज्जवल भविष्य निर्धारित करने और विदेशों में बड़े स्तर पर स्थापित करने में अंतराष्ट्रीय जाट पार्लियामेंट निसंदेह होगी मील का पत्थर साबित जाट का हर कदम सदैव राष्ट्र निर्माण की ओर अंतर्राष्ट्रीय जाट सांसद संयोजक रामावतार पलसानियां पीस कलवानियां लगातार जाट समाज को सामाजिक राजनीतिक एकजुट करने में लगे हुए हैं।

## नगर पालिका भिंड में रात्रिकालीन सफाई कर्मचारियों को 3 माह से नहीं मिला वेतन

### यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सफाईकर्मियों को वेतन का भुगतान के लिए कलेक्टर को लिखा पत्र



भिण्ड । नगरपालिका भिंड में रात्रिकालीन सफाई के लिए भर्ती किए 50 अस्थाई सफाई कर्मचारियों को आज दिनांक तक वेतन का भुगतान नहीं किया गया है,जिससे गरीब सफाई कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति गड़बड़ा गई है तथा जब अधिकारियों से वेतन की मांग करते हैं तो अधिकारी आनाकानी करते हैं, यह बात सफाई कर्मचारियों ने राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट गुडडू वाल्मीकि को दिए आवेदन में कही। यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सफाई कर्मचारियों की समस्या सुनने के बाद भिंड कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस को पत्र लिखकर सफाई कर्मचारियों को वेतन भुगतान करने की मांग की । राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट श्री वाल्मीकि ने बताया है कि नगर पालिका भिंड में रात्रिकालीन भर्ती में लगभग 50 सफाई कर्मचारियों को नियुक्त किया गया था लेकिन 3 माह कार्य करने के बाद भी आज दिनांक वेतन का भुगतान नहीं किया गया है,जो कि मजदूरी भुगतान अधिनियम 1936 में दिए प्रावधानों का उल्लंघन है तथा सफाई कर्मचारियों का आर्थिक शोषण है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## कलेक्टर एवं एसपी ने हाईस्कूल की चल रही परीक्षाओं का किया निरीक्षण

**भिण्ड ।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश की हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा अंतर्गत कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस एवं एसपी शैलेन्द्र सिंह चौहान ने अंग्रेजी विषय के प्रश्न पत्र की चल रही परीक्षा में शा.डाइट भिण्ड, शा.मा.वि. विक्रमपुरा, जैन उमावि, शा.मा.वि. बुनियादी परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केन्द्र का भ्रमण कर नकल रहित भयमुक्त परीक्षा को संपन्न कराने हेतु



व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान सभी केन्द्रों पर परीक्षा की व्यवस्थायें चाक-चौबंद मिलीं। परीक्षार्थियों द्वारा शांतिपूर्वक परीक्षा दी गई। उन्होंने परीक्षा केन्द्राध्यक्षों को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जावे कि परीक्षा संबंधी सभी व्यवस्था ठीक होना चाहिये। उन्होंने परीक्षा केन्द्राध्यक्षों से परीक्षा से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने परीक्षा केन्द्रों में ड्यूटी के लिए नियुक्त शासकीय सेवकों की उपस्थिति एवं अनुपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या, परीक्षा केन्द्र में शामिल विभिन्न स्कूल सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली।

# शिक्षा विभाग का काला सच आया सामने, कथित ऑडियो में धमकी देती सुनाई दे रही खेल शिक्षिका

**गुनौर।** जब से जिले के शिक्षा अधिकारी के प्रभार पर एस बी मिश्रा ने कार्यभार सम्हाला है तब से जितनी दयनीय स्थिति शिक्षा विभाग पन्ना की हुई है उतनी पहले कभी नहीं हुई, शिक्षा का मंदिर कहे जाने वाले विद्यालयों में आजकल पन्ना जिले के शिक्षकों में अब खुलेआम गुंडागर्दी पर उतारू धमकीबाजों का स्वरूप दिखाई देने लगा है। मामला गुनौर अंतर्गत स्थित सीएम राइज विद्यालय का है ।जहां पर खेल शिक्षिका के तौर पर पदस्थ नम्रता दुबे को नेताजी सुभाष चंद्र बोस कन्या छात्रावास का अधिक्षक पद का अतिरिक्त प्रभार पर 2021 से स्वीकृत हैं जो की कई परिप्रेक्ष्य में नियम विरुद्ध है जिसके चलते शिकायतकर्ता द्वारा संबंधित डीपीसी कार्यालय और जिला सीईओ कार्यालय में लिखित शिकायत कर नियम विरुद्ध जमी अधीक्षिका को मुक्त करने बाबत मांग की गई थी साथ ही सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत की गई थी,जिसकी भनक लगते ही उक्त शिक्षिका द्वारा शिकायतकर्ता के भाई जो स्वयं सरकारी कर्मचारी हैं उनके निज मोबाइल नंबर पर कॉल करके शिकायतकर्ता को शिकायत न करने संबंधी मसले में चर्चा के दौरान प्रलोभन और झूठे केस में फसाने की धमकी देती सुनाई देने का ऑडियो जम कर वायरल हो रहा है। इस तरह के कुत्सित प्रयास और धमकी के संबंध में शिकायतकर्ता द्वारा संबंधित थाने में आवेदन प्रस्तुत किया गया है साथ ही लिखित शिकायत डीपीसी और जिला सीईओ कार्यालय में की गई है। जिस पर खबर छपने तक किसी प्रकार की निर्णायक प्रक्रिया किसी जगह पर संपन्न नही हुई है। सूत्रों की माने तो राजनैतिक सड़यंत्र में माहिर नमृता दुबे के पति पंकज दुबे द्वारा अधिकारियों पर राजनैतिक दबाव बनाये जाने की चर्चाओं का बाजार गर्म है, वरना क्या वजह है जो महीनो से पड़ी नियम संगत शिकायतों पर अधिकारियों को सांप सूंघ गया है। बहरहाल खस्ता हाल शिक्षा व्यवस्था में इस तरह के धमकी भरे ऑडियो जिले में शिक्षा विभाग के मुखिया की निस्कृयता का नमूना मात्र है,और न जाने ऐसे कितने काले कारनामों से अखबारों के पन्ने भूतकाल में काले हुए है, जिले के संवेदनशील कलेक्टर एवं कर्मठ जिला सीईओ को ऐसे मामले में तत्काल संज्ञान लेकर नियम संगत कार्रवाई संस्थित करके ऐसी परंपरा को रोक कर खस्ताहाल शिक्षा व्यवस्था को पटरी पर लाने का भगीरथ प्रयास करना चाहिए।






शोएब बोले- भारत ने बहुत प्यार दिया

# यहां इतना आना-जाना कि अब आधार कार्ड भी है, क्रिकेट में सिर्फ भारत-पाकिस्तान फाइनल होना चाहिए

**दोहा।** सचिन और शोएब की ये तस्वीर 2015 में अमेरिका में ली गई। शोएब ने एक इंटरव्यू में कहा था कि दुनिया के सब बल्लेबाज उनसे डरते हैं पर सचिन चौके-छक्के लगाते थे। पाकिस्तान के फास्ट बॉलर शोएब अख्तर को भारत बहुत पसंद है। वो कहते हैं कि उन्हें इस मुल्क से बहुत प्यार मिला। यहां उनका इतना आना-जाना है कि अब आधार कार्ड भी बन गया है। हालांकि आधार कार्ड की बात शोएब ने मजाक में कही। शोएब अख्तर ने कहा, ÷मैं भारत आता-जाता रहता हूं। मैंने यहां इतना काम किया है कि मेरे पास अब आधार कार्ड भी है। इससे ज्यादा में क्या कहूं? भारत ने मुझे बहुत प्यार दिया है। मैं भारत में क्रिकेट खेलना मिस करता हूं। उन्होंने कहा, ÷अगर एशिया कप पाकिस्तान में नहीं होता है तो इसका आयोजन श्रीलंका में होना चाहिए। मैं एशिया कप और वर्ल्ड कप में भारत और पाकिस्तान को फाइनल खेलते देखना चाहता हूं। वर्ल्ड क्रिकेट में सिर्फ भारत और पाकिस्तान फाइनल के अलावा कुछ नहीं होना चाहिए। अख्तर ने कहा, विराट कोहली को फॉर्म में वापस आना ही था, इसमें कुछ नहीं बात नहीं है। अब उनके ऊपर कप्तानी का दबाव भी नहीं है। वह फोकस के साथ खेल रहे है और आगे भी खेलते रहेंगे। मुझे पूरी उम्मीद है कि जब कोहली



इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायर होंगे तब उनके पास 110 शतक होंगे। 2023 एशिया कप की मेजबानी पाकिस्तान ले पास थी। अक्टूबर 2022 में ब्लब्द्ध सचिव जय शाह ने कहा था कि अगर पाकिस्तान में एशिया कप हुआ तो भारत टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लेगा। मार्च यानी इसी महीने में एशिया क्रिकेट काउंसिल (छ्र्र) की बोर्ड बैठक में मेजबानी को लेकर फैसला लिया जाएगा। शोएब अख्तर इस समय कतर के दोहा में लीजेंड लीग क्रिकेट मास्टर्स टूर्नामेंट में एशिया लायंस टीम की ओर से खेल रहे है। अख्तर ने लीग में अब तक एक ओवर फेंका है। इसमें उन्होंने 12 रन दिए थे। लीजेंड्स क्रिकेट लीग में तीन टीमें हिस्सा ले रही हैं। इनमें इंडिया महाराजा, एशिया लायंस और वर्ल्ड जायंट्स शामिल हैं। लीग में हरभजन के नाम सबसे ज्यादा 8 विकेट हैं। गौतम गंभीर 183 रन के साथ हाईएस्ट रन स्कोरर हैं। टेबल में एशिया लायंस तीन में से दो मैच जीत कर टॉप पर है। अब भारतीय टीम मिशन वनडे वर्ल्ड कप पर है। जो अक्टूबर-नवंबर में भारतीय सरजमीं पर ही खेला जाना है। टीम इंडिया ने आखिरी आखिरी वर्ल्ड कप भी अपनी सरजमीं पर ही जीता था। तब महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने श्रीलंका को 6 विकेट से हराया था। ऐसे में रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम को अपनी तैयारी भी पुख्ता रखनी होगी, क्योंकि भारतीय फैंस की उम्मीदें उस इतिहास को दोहराते देखने की होंगी। क्राइस्टचर्च टेस्ट में न्यूजीलैंड के हाथों श्रीलंका की हार के बाद भारत ङ्खञ्जष्ट, यानी कि वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंच गया है।

# फीफा विश्व कप 2030 की मेजबानी बोली में शामिल होगा मोरक्को

**रबात।** मोरक्को के सुल्तान मोहम्मद षष्ठम ने घोषणा की है कि उनका देश फीफा विश्व कप 2030 की मेजबानी हासिल करने के लिए स्पेन और पुर्तगाल के साथ संयुक्त रूप से बोली लगाएगा। सुल्तान ने अफ्रीकी फुटबॉल परिसंघ (सीएएफ) को भेजे एक संदेश में कहा कि यह संयुक्त बोली अफ्रीका और यूरोप, उत्तरी और दक्षिणी भूमध्यसागरीय, अफ्रीकी, अरब और यूरो-भूमध्यसागरीय दुनिया को एक साथ लेकर आएगी। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि यह हममें सर्वश्रेष्ठ को सामने लेकर आएगा जो कि प्रतिभा, रचनात्मकता, अनुभव और साधनों का एक वास्तविक मिश्रण होगा। यह संदेश सुल्तान ने रवांडा के किगाली में




सीएएफ आउटस्टैंडिंग अचीवमेंट अवार्ड 2022 के अवसर पर अपने संबोधन में दिया। फीफा विश्व कप की मेजबानी करने के लिए मोरक्को छठी बार बोली लगाने जा रहा है, इससे पहले वह 1994, 1998, 2006, 2010 और 2026 के लिए असफल कोशिश कर चुका है। जून 2021 में स्पेन और पुर्तगाल इस बात की पुष्टि कर चुके हैं कि वे 2030 फीफा विश्व कप की मेजबानी के लिए संयुक्त बोली लगाएंगे।

# दिल्ली कैपिटल्स ने किया नए कप्तान का ऐलान, ऋषभ पंत की गैरमौजूदगी में इस खिलाड़ी को मिली बड़ी जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल 2023 के लिए अपने नए कप्तान का ऐलान कर दिया है। ऋषभ पंत की गैरमौजूदगी में ऑस्ट्रेलियाई ओपनर डेविड वॉर्नर टीम की कमान संभालेंगे, वहीं अक्षर पटेल उप-कप्तान होंगे। आईपीएल 2023 का आगाज 31 मार्च से होने जा रहा है। दिल्ली कैपिटल्स अपना पहला मुकाबला 1 अप्रैल शनिवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेलेगी। दिल्ली कैपिटल्स का कप्तान बनने के बाद वॉर्नर ने कहा %ऋषभ दिल्ली कैपिटल्स के लिए एक शानदार कप्तान रहे हैं और हम सभी को उनकी कमी खलेगी। मैं प्रबंधन को उस विश्वास और भरोसे के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं, जो उन्होंने हमेशा मुझ पर दिखाया है। यह फ्रेंचाइजी हमेशा मेरे लिए घर




रही है और मैं खिलाडियों के इस तरह के सर्वोच्च प्रतिभाशाली समूह का नेतृत्व करने के लिए और अधिक उत्साहित नहीं हो सकता। बता दें, नए साल पर ऋषभ पंत कार एक्सिडेंट में चोटिल हो गए थे जिस वजह से वह लंबे समय तक क्रिकेट से दूर रहेंगे। ऐसे में उनकी जगह डीसी ने वॉर्नर को टीम की जिम्मेदासी सौंपी है। दिल्ली कैपिटल्स स्क्वॉड आईपीएल 2023 डेविड वार्नर (कप्तान), पृथ्वी शॉ, रिपल पटेल, रोवमैन पॉवेल, सरफराज खान, यश ढुल, मिशेल मार्श, ललित यादव, अक्षर पटेल (उप-कप्तान), एनरिच नार्जे, चेतन सकारिया, कमलेश नागरकोटी, खलील अहमद, लुंगी एनगिडी, मुस्तफिजुर रहमान , अमन खान, कुलदीप यादव, प्रवीण दुबे, विक्की ओस्तवाल, ईशांत शर्मा, फिल सॉल्ट, मुकेश कुमार, मनीष पांडे, रिले रोसौव।

# आरसीबी के विल जैक्स आईपीएल 2023 से बाहर

**नयी दिल्ली।** इंग्लैंड और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के हरफनमौला विल जैक्स चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 से बाहर हो गये हैं। आरसीबी ने दिसंबर की नीलामी में जैक्स को 3.2 करोड़ रुपये में खरीदा था। मीरपुर में बंगलादेश और इंग्लैंड के बीच खेले गये दूसरे वनडे में फील्डिंग करते हुए जैक्स की मांसपेशियों में चोट लग गयी थी। इस सप्ताह के शुरू में स्कैन और एक विशेषज्ञ के परामर्श के बाद उन्हें आईपीएल से बाहर होने के लिये मजबूर होना पड़ा। यह चोट जैक्स के लिये बड़ा झटका है। वह आईपीएल में पहली बार खेलते हुए भारतीय परिस्थितियों से परिचित हो सकते थे और वह अक्टूबर-नवंबर में




होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के लिये इंग्लैंड की टीम में अपने चयन की दावेदारी मजबूत कर सकते थे। आरसीबी जैक्स के स्थान पर न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल को लेने पर चर्चा कर रहा है। ब्रेसवेल पहले कभी आईपीएल में नहीं खेले हैं और दिसंबर की नीलामी में भी उन्हें कोई खरीदार नहीं मिला था। आरसीबी को आईपीएल 2023 में अपने अभियान की शुरुआत दो अप्रैल को मुंबई इंडियन्स के खिलाफ करनी है। मई 2019 के बाद से अपने घरेलू मैदान बैंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में उनका यह पहला मैच होगा। जैक्स ने पिछले साल ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। मार्च 2023 में बंगलादेश के खिलाफ एकदिवसीय करियर की शुरुआत करने वाले जैक्स पिछले साल पाकिस्तान दौरे पर टी20 और टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण कर चुके थे।

# आरसीबी ने डब्ल्यूपीएल में पहली बार चखा जीत का स्वाद

**मुंबई।** युवा प्रतिभा कनिका आहूजा (46) की संकटमोचक पारी और ऋचा घोष (31 नाबाद) के साथ उनकी अर्द्धशतकीय साझेदारी की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में यूपी वॉरियर्स को पांच विकेट से हराकर टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए वॉरियर्स की पूरी टीम 135 रन पर सिमट गयी। आरसीबी ने 136 रन का लक्ष्य 18 ओवर में हासिल कर लिया। आरसीबी के गेंदबाजों ने करो या मरो मुकाबले में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देते हुए पहली बार किसी टीम को ऑलआउट किया। एलिसे पेरी ने गेंदबाजों की अगुवाई करते हुए चार ओवर में 16 रन देकर




तीन विकेट लिये। आशा शोभना और सोफी डिवाइन ने दो-दो विकेट लिये, जबकि मेगन शूट और श्रेयंका पाटिल को एक-एक सफलता हासिल हुई। अपनी पहली जीत तलाश रहे आरसीबी ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 60 रन पर चार विकेट गंवा दिये, हालांकि कनिका अपनी टीम को संकट से निकालने के लिये क्रीज पर आईं। कनिका ने 30 गेंद पर आठ चौके और एक छक्का लगाकर 46 रन बनाये और ऋचा (32 गेंद, 31 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिये 60 रन की साझेदारी की। कनिका जीत के करीब आकर आउट हो गयीं, लेकिन श्रेयंका पाटिल ने विजयी रन बनाकर अंक तालिका पर आरसीबी का खाता खोल दिया। आरसीबी छह मैच में दो अंक के साथ तालिका में चौथे स्थान पर है, जबकि वॉरियर्स अब भी चार अंक के साथ तालिका मेंतीसरे पायदान पर बरकरार है। आरसीबी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी और सोफी डिवाइन ने पहले ही ओवर में वॉरियर्स के दोनों सलामी बल्लेबाजों को पवेलियन लौटा दिया। कप्तान एलीसा हीली एक रन बना सकीं जबकि देविका वैद्या शून्य रन पर आउट हुईं।

# भूमिका जामरे को मिली 02 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि

रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट



किरनापुर विकासखंड के ग्राम धड़ी की निवासी भूमिका जामरे को मध्यप्रदेश भवन एवं संनिर्माण कमर्कार कल्याबण मण्डल की संबल योजना के अंतर्गत 02 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि प्रदान की गई है। जनपद पंचायत किरनापुर के अध्यक्ष कल्याण सिंह राणा एवं जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती त्रुति चौधरी द्वारा भूमिका को इस आशय का प्रमाण पत्र प्रदान किया। 04 मार्च 2023 को मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से संबल योजना के हितग्राहियों के खाते में अनुग्रह एवं अत्येष्टि सहायता की राशि हस्तांतरित की गई है। संबल कार्ड धारक भूमिका जामरे के पति की मृत्यु हो जाने के कारण इस परिवार के लिए जीवन यापन करना मुश्किल हो रहा था। 02 लाख रुपये की इस मदद से भूमिका के पति को वापस नहीं लाया जा सकता है, लेकिन यह राशि भूमिका एवं उसके बच्चों के लिए आड़े वक्त में बहुत काम आयेगी।

# भारत में कम नहीं होगी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की दीवानगी : सहवाग

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग का मानना है कि दुनियाभर में फ्रेंचाइजी क्रिकेट आयोजनों की लगातार बढीती संख्या के बावजूद भारत में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की लोकप्रियता प्रभावित नहीं होगी। गौरतलब है कि फ्रेंचाइजी क्रिकेट की बढीती लोकप्रियता के बीच कई क्रिकेट पंडितों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल की हानि होने की बात कही है। भारत के पूर्व कोच और कमेंटेटर रवि शास्त्री ने एक हालिया बयान में कहा कि एकदिवसीय क्रिकेट को प्रासंगिक रखने के लिये एक पारी को 40 ओवर का कर देना चाहिये। सहवाग ने इस विषय पर कहा, मुझे नहीं लगता कि फ्रेंचाइजी लीगों की संख्या बढीने से क्रिकेट को किसी तरह का नुकसान होगा। बल्कि इनसे लोगों के लिए रोजगार पैदा होंगे और खिलाड़ियों को अधिक से अधिक खेलने का मौका मिलेगा। लोगों के बीच अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का प्रेम कम नहीं हुआ है। मेरे बच्चे आज भी समय निकालकर एकदिवसीय और टेस्ट मैच देखने जाते हैं। इस देश में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के प्रति लोग हमेशा दीवाने रहेंगे। सहवाग ने यह बात लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी 2023 के उद्घाटन समारोह में कही। गाजियाबाद के वीवीआईपी जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम पर 22 मार्च से शुरू होने वाली इस लीग में सहवाग के अलावा सुरेश रैना, हरभजन सिह, प्रवीण कुमार, सनथ जयसूर्या और तिलकरत्ने दिलशन जैसे दिग्गज पूर्व क्रिकेटर हिस्सा लेंगे।

# बोर्ड परीक्षा में उड़नदस्ते ने किया सघन निरीक्षण

## अंग्रेजी विषय में कुल दर्ज परीक्षार्थी 22 हजार 579 में से 21 हजार 797 परीक्षार्थीयों ने हल किया अंग्रेजी का पर्चा

रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट



जिले में संचालित हाईस्कूल सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा-2023 में 17 मार्च 2023 को 10 वीं बोर्ड परीक्षा के 132 केंद्रों पर अंग्रेजी विषय में कुल दर्ज परीक्षार्थी 22 हजार 579 में से 21 हजार 797 परीक्षार्थी उपस्थित और 782 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे हैं। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय बालाघाट के उड़न दस्ते ने कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा दिए गए निर्देशानुसार जिले के अतिदुर्गम परीक्षा केंद्रों का आकस्मिक सघन निरीक्षण गिरधारी नाईक सहायक संचालक एवं डॉ महेश शर्मा योजना अधिकारी के द्वारा किया गया । निरीक्षण के दौरान दो परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थी बैठक व्यवस्था में पर्याप्त दूरी रखने के निर्देश दिए गये। शेष परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा का संचालन संतोषप्रद देखा गया है। किसी भी प्रकार के नकल प्रकरण इत्यादि नहीं बनाएं गए।

# गुजरात को परास्त कर प्लेऑफ में मुंबई

**मुंबई।** कप्तान हरमनप्रीत कौर (51) के विस्फोटक अर्द्धशतक के बाद गेंदबाजों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की बदौलत मुंबई इंडियन्स ने विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में गुजरात जायंट्स को 55 रन से रौंदकर प्लेऑफ में जगह पक्की कर ली। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 162 रन बनाये, जिसके जवाब में जायंट्स नौ विकेट के नुकसान पर 107 रन तक ही पहुंच सका। जायंट्स ने कसी हुई गेंदबाजी और फील्डिंग से पहली पारी में ज्यादातर समय अपनी पकड़ मजबूत रखी लेकिन हरमनप्रीत ने 51 रन की पारी खेलकर मुंबई को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। हरमनप्रीत ने 30 गेंद की पारी में सात चौके और दो छक्के जड़े। इसके अलावा



यास्तिका भाटिया ने 37 गेंद पर पांच चौकों और एक छक्के के साथ 44 रन बनाये, जबकि नैट सिवर ब्रंट ने 31 गेंद पर पांच चौके और एक छक्का लगाकर 36 रन का योगदान दिया। टूर्नामेंट में अब तक के अपने सबसे छोटे स्कोर की रक्षा करते हुए मुंबई के गेंदबाजों ने कोई चूक नहीं की। पारी की पहली गेंद पर सोफिया डंकली का विकेट गिरते ही जायंट्स का पतन शुरू हो गया जो 18वें ओवर में तनुजा कंवर के आउट होने के साथ समाप्त हुआ। मुंबई की इस विशाल जीत में योगदान देते हुए सिवर ब्रंट और हेली मैथ्यूज़ ने तीन-तीन विकेट लिये। अमेलिया कर को दो जबकि इसी वॉन्ग को एक विकेट हासिल हुआ। मुंबई ने इस जीत के साथ डब्ल्यूपीएल के प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली है। वह ऐसा करने वाली पहली टीम है। दिल्ली कैपिटल्स पांच मैच में आठ अंक के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है जबकि जायंट्स पांच मैच में सिर्फ दो अंक अर्जित करके चौथे स्थान पर है। जायंट्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी और एशले गार्डनर ने पहले ही ओवर में हेली मैथ्यूज़ को शून्य रन पर आउट कर दिया। विस्फोटक सलामी बल्लेबाजी का विकेट खोने के बाद मुंबई पावरप्ले में सिर्फ 40 रन ही जोड़ सका। यास्तिका और सिवर-ब्रंट ने मुंबई की पारी को संबल दिया और दूसरे विकेट के लिये 74 रन जोड़े। किम गार्थ ने 11वें ओवर की आखिरी गेंद पर सिवर-ब्रंट को पवेलियन लौटाकर इस साझेदारी को समाप्त किया। रनगति बढ़ाने के प्रयास में यास्तिका भी सात गेंद बाद रनआउट हो गयीं। इस जोड़ी के पवेलियन लौटने के बाद हरमनप्रीत ने मुंबई की पारी को संभाला। उन्होंने अमेलिया कर (13 गेंद, 19 रन) के साथ चौथे विकेट के लिये 51 रन की साझेदारी की। कर के आउट होने के बाद मुंबई के विकेटों की झड़ी लग गयी लेकिन हरमनप्रीत ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी जारी रखी। किम गार्थ ने तनुजा कंवर की गेंद पर पीछे की ओर भागते हुए कर का लाजवाब कैच पकड़ा, जबकि स्नेह राणा ने अपनी ही गेंद पर कैच लपककर इसी वॉन्ग को चलता किया।



# रेखा ने मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे में रानी के प्रदर्शन की तारीफ की

रेखा मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे में अभिनेत्री रानी मुखर्जी के दमदार प्रदर्शन से चकित हैं। दिग्गज स्टार ने कहा कि रानी ने शाश्वत मां की भूमिका में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है और दुर्गा मां के सभी चेहरों को चित्रित किया है। उन्होंने कहा- मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे, उत्साहजनक और दिल दहलाने वाला दोनों था, मैं शुरूआत से ही अपनी सीट के किनारे पर बैठी थी। बंगाल टाइग्रेस केप्रदर्शन को देखना परम आनंद था, एक मां अपने बच्चों के लिए जी जान से लड़ती है। यह फिल्म दुनिया को देखने के लिए है कि मदर इंडिया क्या है!रेखा ने आगे कहा, इस बार रानी दुर्गा मां परम मां के सभी चेहरों को चित्रित करने वाली शाश्वत मां की भूमिका में थी, जो अनगिनत बार देखने लायक एक गहन प्रदर्शन है!वह आग से गुजरती है, सीधे हमारे दिल में! अभिनेता और चरित्र को एक दूसरे में घुलते हुए देखना कितना सुखद है!मैं पूरी कास्ट और क्रू को भी बधाई देना चाहता हूं, विशेष रूप से निर्देशक को! जिम सार्भ का उनके दोषरहित और सीमित प्रदर्शन के लिए विशेष उल्लेख! इस बहादुर फिल्म को देखने के लिए बेहद आभारी और गौरवान्वित हूं, जो इस तथ्य को पुष्ट करती है कि माँ की शक्ति से अधिक शक्तिशाली कुछ भी नहीं है!आशिमा चिब्बर द्वारा निर्देशित, मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे एक अप्रवासी मां के जीवन के बारे में है जो अपने बच्चों की कस्टडी वापस पाने के लिए सभी बाधाओं से लड़ती है। जी स्टूडियोज और एम्मे एंटरटेनमेंट (मोनिशा आडवाणी, मधु भोजवानी और निखिल आडवाणी) द्वारा निर्मित, मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे 17 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।



# कंगना रनौत ने पूरी की चंद्रमुखी 2 की शूटिंग

एक्ट्रेस कंगना रनौत ने चंद्रमुखी 2 की शूटिंग पूरी कर ली और को-स्टार राघव लॉरेंस के लिए एक नोट लिखा। कंगना ने इंस्टाग्राम पर लॉरेंस के साथ एक तस्वीर साझा की और लिखा- मैं आज चंद्रमुखी की शूटिंग पूरी कर ली है, मुझे कई अद्भुत लोगों को अलविदा कहना बहुत मुश्किल लगता है, जिनसे मैं मिली थी, मेरे पास इतना प्यार क्रू था। मेरे पास राघव लॉरेंस सर के साथ कोई तस्वीर नहीं थी क्योंकि हम हमेशा फिल्मी वेशभूषा में होते हैं इसलिए आज सुबह शूटिंग शुरू होने से पहले मैंने एक फोटो के लिए अनुरोध किया।मैं सर से बहुत प्रेरित हूं। उन्होंने एक कोरियोग्राफर के रूप में अपना करियर शुरू किया था, वास्तव में एक बैक डांसर के रूप में, लेकिन आज वह न केवल एक ब्लॉकबस्टर फिल्म सुपरस्टार हैं बल्कि एक अविश्वसनीय रूप से अद्भुत इंसान भी हैं। जा रहा है। आपकी हास्य अद्भुत भावना और मेरे जन्मदिन के लिए सभी उपहारों के लिए धन्यवाद, सर। आपके साथ काम करके बहुत अच्छा समय बीता।2005 में रिलीज हुई फिल्म की प्रीक्वेल में सुपरस्टार रजनीकांत और ज्योतिका सरवनन ने अभिनय किया था।चंद्रमुखी मलयालम फिल्म मणिचित्राथझु की रीमेक थी और इसे हिंदी में अक्षय कुमार-स्टारर भूल भुलैया के रूप में रूपांतरित किया गया था।चंद्रमुखी 2 में, कंगना राजा के दरबार में एक प्रसिद्ध नर्तकी की भूमिका निभाती नजर आएंगी, जो अपनी लुभावनी सुंदरता के लिए जानी जाती है।इस बीच, कंगना के पास तेजस भी है जिसमें वह एक भारतीय वायु सेना के पायलट की भूमिका निभा रही हैं, इमरजेंसी और नोटी बिनोदिनी भी रिलिजिंग की लाइन में हैं।

# अपेक्षा पोरवाल ने शुरू की स्लेव मार्केट 2 की शूटिंग



अभिनेत्री अपेक्षा पोरवाल, जो अपनी पहली सीरीज अनदेखी से प्रसिद्ध हुईं और बधाई दो और अंतरराष्ट्रीय अंग्रेजी-अरबी शो स्लेव मार्केट के पहले सीजन में भी नजर आई थीं, उन्होंने अब अबू धाबी में शो के दूसरे सीजन की शूटिंग शुरू कर दी है।स्लेव मार्केट 20वीं शताब्दी की शुरूआत में स्थापित एक पीरियड ड्रामा है, जब दुनिया के विभिन्न हिस्सों में बहुत ही संगठित तरीके से दासतां का अभ्यास किया जाता था।लसाद कुसलती द्वारा निर्देशित, सीरीज में ब्रिटिश लाइन, अरब लाइन, अफ्रीकी लाइन और भारतीय लाइन शीर्षक वाली पांच कहानियां शामिल हैं। सभी कहानियां उस अवधि के दौरान गुलामी और उसके प्रचलन के सामान्य विषय से संबंधित हैं।उत्साह व्यक्त करते हुए अपेक्षा ने कहा, स्लेव मार्केट सीजन 1 की शूटिंग करना सुंदर और समृद्ध अनुभव था। दर्शकों ने शो को जितना प्यार दिया वह सोने पर सुहागा था। मैं अबू धाबी में सीजन 2 की शूटिंग शुरू करने के लिए बहुत उत्साहित हूं, और अपने किरदार की आगे की यात्रा को दर्शकों के साथ साझा करने के लिए इंतजार नहीं कर सकती।नौ-एपिसोड सीरीज, जो मध्य पूर्वी मीडिया बीहेमोथ एमबीसी स्टूडियो द्वारा निर्मित है, प्रसिद्ध कुवैती लेखक हेबा मशरी हमादा द्वारा लिखी गई है और ट्यूनीशियाई निर्देशक लसाद औसलाती द्वारा अभिनीत है। अपेक्षा भारतीय राजकुमारी की भूमिका निभाती है, जिसे पकड़ लिया जाता है और गुलामी में धकेल दिया जाता है।

# फतेह' में सोनू सूद के साथ नजर आएंगी जैकलीन फर्नांडिस

## शुरू हुई फिल्म की शूटिंग




बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद की एक्शन ड्रामा फिल्म फतेह की शूटिंग शुरू हो गई है। साइबर क्राइम पर आधारित इस फिल्म में सोनू सूद के साथ जैकलीन फर्नांडिस नजर आने वाली हैं। इस फिल्म की शूटिंग पंजाब के अमृतसर में शुरू हुई है। सोनू सूद ने अपने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए इसकी जानकारी दी है। तस्वीरों में सोनू सूद जैकलीन फर्नांडिस के साथ नजर आ रहे हैं। जैकलीन के हाथों में क्लैप बोर्ड दिख रहा है, जिसपर फिल्म का नाम लिखा हुआ है।तस्वीरों के साथ सोनू ने कैप्शन में लिखा, मेरे अगले मिशन पर, फतेह। शूटिंग आज से शुरू। इस फिल्म के बारे में बात करते हुए सोनू सूद ने कहा, ये फिल्म वास्तविक जीवन की घटनाओं से प्रेरित है, जिसे मैंने लॉकडाउन के दौरान भी लोगों के साथ होते देखा है। जैकलीन फर्नांडिस ने कहा, स्क्रिप्ट को पहली बार पढ़ने के बाद से, मैंने फैसला किया था कि मैं इसका हिस्सा बनना चाहती हूं।अब जब हम फतेह की शूटिंग शुरू कर रहे हैं, तो मैं उत्साहित हूं। हमारे लिए एक ऐसी कहानी सामने लाने के लिए जिसे लोग वास्तव में पसंद करेंगे। इस फिल्म का निर्देशन वैभव मिश्रा कर रहे हैं। फिल्म में सोनू सूद और जैकलीन फर्नांडिस के अलावा शिवज्योति राजपूत और विजय राज भी अहम किरदार में हैं। यह फिल्म साल 2023 के अंत में रिलीज हो सकती है।

# सर्जरी के बाद दीपशिखा नागपाल ने शुरू की शूटिंग



फिल्म और टीवी एक्ट्रेस दीपशिखा नागपाल वर्तमान में ना उम्र की सीमा हो' शो में नजर आ रही हैं। हाल ही में उनकी एक बड़ी सर्जरी हुई है। एक्ट्रेस ने इससे उबरने और काम फिर से शुरू करने के अपने अनुभव को साझा किया। उन्होंने कहा, हाल ही में मैं फूड प्वाइजनिंग से बीमार हो गई थी, जिसके कारण मुझे पेट में बहुत दर्द हो रहा था। मैंने एक डॉक्टर से संपर्क किया जहां डॉक्टर ने मुझे जांच कराने के लिए कहा क्योंकि यह दर्द लगातार बना हुआ था। मैंने सोनोग्राफी कराई और पता चला कि मेरे पेट में सिस्ट हैं, जिसका आकार गर्भ में पल रहे 10 सप्ताह के भ्रूण के बराबर था। डॉक्टर ने मुझे इसे को हटाने की सलाह दी और बताया कि अगर इलाज नहीं किया गया तो सिस्ट (गांठ) मेरे स्वास्थ्य को और खराब कर सकती हैं।चूंकि शो में एक बड़ा ड्रामा सीक्वेंस आने वाला था, इसलिए मैं अपने शेड्यूल से पूरी तरह से पैक थी, इसलिए बिना किसी को बताए मैंने अपने सीन के हिस्से को पूरा किया और अपने छुट्टी वाले दिन का इंतजार किया और फिर सिस्ट को हटाने के लिए सर्जरी करवाई।दीपशिखा ने फिल्मों और टीवी दोनों में काम किया है। वह गैंगस्टर', कोयला', बादशाह', दिल लगी', कॉर्पोरेट', पार्टनर' जैसी फिल्मों का हिस्सा रही। फिल्में करने के अलावा, उन्होंने शक्तिमान', विष्णु पुराण', सीआईडी', शरारत', बाल वीर' और कई अन्य टीवी शो में भी काम किया।उन्होंने कहा, सर्जरी के बाद, डॉक्टर की सिफारिशों और परामर्श के साथ मैंने कुछ दिनों की छुट्टी ली और काम पर वापस आ गयी, जहां मैंने शो के अपकमिंग एपिसोड की शूटिंग को पूरा किया। मैंने बीच-बीच में आराम भी किया। जब क्रू मेंबर्स को मेरी सर्जरी के बारे में पता चला तो उन्होंने मेरा पूरा ख्याल रखा। पूरी टीम काफी मददगार है। मैं धीरे-धीरे ठीक हो रही हूं और एक अभिनेता के रूप में मेरे लिए काम हमेशा प्राथमिकता है, चाहे कुछ भी हो जाए, शो चलते रहना चाहिए।ना उम्र की सीमा हो' का प्रसारण स्टार भारत पर होता है।

# तू झूठी मैं मक्कार के सीन के लिए डिंपल कपाड़िया ने रणबीर को जड़े थे 15-20 थप्पड़



अनुभवी अभिनेत्री डिंपल कपाड़िया ने हाल ही में रिलीज हुई फिल्म तू झूठी मैं मक्कार में रणबीर कपूर को एक दृश्य को फिल्माते समय लगभग 15-20 बार थप्पड़ मारा। डिंपल कपाड़िया फिल्म में रणबीर की मां की भूमिका निभा रही हैं। फिल्म में एक सीन है जिसमें डिंपल रणबीर को थप्पड़ मारती है लेकिन मजे की बात यह है कि उस खास शॉट में 15-20 रीटेक लगे। फिल्म के निर्देशक लव रंजन ने दूसरे टेक में सटीक शॉट लिया, लेकिन टीम को चिढ़ाने के लिए उन्होंने बार-बार एक और टेक कहा।फिर सब ने डिंपल कपाड़िया से पूछा कि क्या वह वास्तव में रणबीर को थप्पड़ मार रही थी। पता चला कि रणबीर की टाइमिंग इतनी परफेक्ट थी कि वह सही समय पर थप्पड़ को डक कर रहे थे।इस पर डिंपल कपाड़िया ने करारा जवाब देते हुए कहा, वह ऋषि कपूर के बेटे हैं और वह अपनी टाइमिंग को अच्छी तरह जानते हैं।डिंपल कपाड़िया और रणबीर कपूर के बीच ऑन-स्क्रीन बॉन्ड और मां-बेटे की केमिस्ट्री दर्शकों को खूब पसंद आ रही है।लव रंजन द्वारा निर्देशित, लव फिल्म्स के लव रंजन और अंकुर गर्ग द्वारा निर्मित और टी-सीरीज के गुलशन कुमार और भूषण कुमार द्वारा प्रस्तुत तू झूठा मैं मक्कार सिनेमाघरों में चल रही है।

# अपनी वैल्यू करना सिखाता हैं पॉप कौन में नूपुर सेनन का किरदार



एक्ट्रेस कृति सेनन की बहन सिंगर-एक्ट्रे नूपुर सेनन पॉप कौन के साथ ओटीटी पर डेब्यू करने वाली हैं। उन्होंने कहा कि कॉमेडी शो में उसका करेक्टर एक फेमिनिस्ट है, और यह उनके अपने वैल्यू सिस्टम को दर्शाता है। अपने किरदार को निखारने में हर संभव प्रयास करते हुए सेनन ने कहा कि पीहू का किरदार ही असली प्रेरक शक्ति है।शो का नाम हटकर है और इसका आधार फिल्म में कुणाल के किरदार के पिता को ढूंढना है। मेरा किरदार पीहू है। मैं कुणाल की प्रेमिका की भूमिका निभा रही हूं। उनके रिश्ते को खूबसूरती से उकेरा गया है।उन्होंने कहा, शादी के मुकाम तक पहुंचने के लिए वे सभी बाधाओं से गुजरते हैं। जब मैंने स्क्रिप्ट सुनी, मुझे यह किरदार बहुत पसंद आया। वह उनमें से हूं, जो हर चीज में लॉजिक ढूंढती हैं। वह एक फेमिनिस्ट हैं जो एक ऐसा पहलू है जो मेरी अपनी वैल्यू सिस्टम को दर्शाता है। वह बहुत सारे सवाल पूछती है और अपनी राय रखने से कभी पीछे नहीं हटती है।लेकिन उस करेक्टर में एक ऐसा पहलू था जिस पर उन्हें वास्तव में काम करना है।उन्होंने कहा- पीहू का किरदार निभाते वक्त मुझे फिल्म की उन बारीकियों को समझने के लिए काम करना पड़ा। सेट पर होना बहुत खुशी की बात थी, रचनाकारों के साथ काम करना, विशेष रूप से मेरे निर्देशक फरहाद सामजी के साथ काम करना, जिन्होंने मुझे पूरी तरह से निर्देशित किया, यह सुनिश्चित करते हुए कि मैं अपने किरदार की लय को जानती हूं।

# रेड बिकिनी पहने नेहा मलिक ने किए सेक्सी कर्व्स फ्लॉन्ट



भोजपुरी एक्ट्रेस नेहा मलिक हमेशा अपने बोल्डनेस के कारण सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटौरती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो फैंस के बीच वायरल होने लगती हैं। हाल ही में नेहा मलिक ने अपने बोल्ड लुक्स से इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। नेहा मलिक हमेशा अपनी हॉटनेस का जादू सोशल मीडिया पर बिखेरती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। बता दें कि एक्ट्रेस नेहा मलिक का नाम भोजपुरी इंडस्ट्री की हाई पेड एक्ट्रेस की लिस्ट में शामिल है। हालिया फोटोशूट के दौरान एक्ट्रेस ने बालकनी में रेड कलर की बिकिनी पहने हुए हॉटनेस का जलवा बिखेरा है। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को देख कर फैंस उनके हुस्न के कायल हो गए हैं। जिन्हें देखकर लोगों के दिलों की धड़कने बढ़ गई हैं। नेहा मलिक जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपना प्यार लूटाते हैं। बता दें कि एक्ट्रेस के हुस्न के चर्चे हमेशा ही लाइमलाइट में रहते हैं। हालांकि इसी कारण फैंस को उनकी हर एक पोस्ट का इंतजार भी रहता है। लेटेस्ट तस्वीरों में भी नेहा मलिक का ग्लैमरस अंदाज देख कर हर कोई फिदा होते जा रहा है।

## इंटक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र में किया जनसंपर्क

दैनिक पुष्पांजली टुडे



भिण्ड । महिला इंटक कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती शांति कुशवाह राजावत ने भिंड विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया उन्होंने विभिन्न गांव में जाकर लोगों से मुलाकात के दौरान लोगों ने उनसे चर्चा की लोगों ने कहा के दीदी अभी विधानसभा चुनाव काफी समय इस दौरान शांति राजावत ने कहा हम आपसे रूबरू होने के लिए एक दूसरे को समझने के लिए आपके बीच आए है एवं आप सबका आशीर्वाद लेने के लिए हम क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं करीबन तीन चार महीने से विधानसभा का दौरे पर हूं हम ज्यादातर लोगों के बीच पहुंच रहे हैं, अपनी बात लोगों तक रख रहे हैं और लोगों की सुन रहे हैं एवं हमारा आपसे आग्रह है आने वाले समय में कांग्रेस के पक्ष में मतदान करें एवं मुझे भिंड विधानसभा का नेतृत्व करने का मौका प्रदान करें जिससे हम भिंड विधानसभा में एक नया तरीके से काम करने का मौका मिलेगा अगर आपने मुझे अपना आशीर्वाद प्रदान किया तो हम आपके विश्वास पर खरे उतरने का प्रयास करूंगी,इस अवसर पर उनके साथ में जिला प्रभारी गांधी चौपाल अरविंद सोनी, पवन चौरसिया, पिंकी बरुआ ,हरिओम सिंह भदोरिया, राधेश्याम ओझा,अमित शिवहरे सहित कई लोग मौजूद थे।

## युवा कांग्रेस आरटीआई में अभिषेक निगम मनोनीत

दैनिक पुष्पांजली टुडे



गोहद । राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय युवा कांग्रेस आईटीआई विभाग डॉ अनिल कुमार मीणा मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस आरटीआई विभाग की प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय सुश्री शाम्भवी शुक्ला के निर्देशानुसार एवं राजेंद्र सिंह परिहार प्रदेश समन्वयक आरटीआई विभाग की अनुशंसा पर गौरव कोहली जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस आरटीआई विभाग द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर संगठन के विस्तार करते हुए गोहद ब्लॉक अध्यक्ष युवा कांग्रेस आरटीआई विभाग अभिषेक निगम को नियुक्त पत्र दिया ब्लॉक अध्यक्ष बनाया। इस मौके पर राजेंद्र सिंह परिहार प्रदेश समन्वयक युवा कांग्रेस आरटीआई विभाग दिनेश निगम सोहिल खाँ विकास निगम, प्रशांत चौरसिया, पियूष, सचिन, गौतम, छोटू रैपुरिया, संतोष पाराशर, अनिकेत, अभीप्रताप, भीम देवेस कृष्णा हिंडोलिया, पिंटू, अभिषेक कोशल आदि कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी ब्लॉक अध्यक्ष बनते ही अभिषेक निगम ने वरिष्ठ नेतृत्व का आभार करते हुए कहा मुझे पर जो विश्वास कर जो दायित्व सौंपा गया है, मैं उसके पूर्ण रूप से जिम्मेदारी निभाऊंगा निज निवास पर गौरव कोली जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस आईटीआई विभाग भिंड का श्रीफल से सम्मान किया।

## समग्र ई-केवायसी हेतु गाँव/शहर में लगे शिविर

### जिले में समग्र ई-केवायसी हेतु शहर एवं पंचायतों में आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवनों एवं पीडीएस दुकान में लगाए गए हैं शिविर

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । जिले में सभी नगर पालिका/परिषद के वार्डों की आंगनबाड़ी केंद्र एवं प्रत्येक ब्लॉक में पंचायत भवनों में समग्र पोर्टल पर समग्र ई-केवायसी हेतु आज शिविर लगाए गए हैं। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत पात्र महिलाओं को 1 हजार रुपये की राशि बैंक खातों में डाली जाएगी। जिसके आवेदन 25 मार्च से भरे जाने हैं। जिसमें समग्र आईडी का केवायसी और बैंक खाते से आधार और मोबाईल नंबर का लिंक होना अतिआवश्यक है। ई-केवायसी सीएससी सेन्टर, एमपीऑनलाइन, एवं लोक सेवा केंद्रों पर निःशुल्क किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त पीडीएस दुकान, आंगनबाड़ी केंद्र व पंचायत भवनों में भी कैम्प लगाकर शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी प्रकार 18 मार्च, 20 मार्च एवं 21 मार्च 2023 को भी शिविर आयोजित किए जाएंगे। भिण्ड जिले की 23 से 60 वर्ष की महिलाएं आंगनबाड़ी केन्द्र, पंचायत भवन एवं पीडीएस दुकान पर जाकर समग्र ई-केवाईसी अवश्य करायें।

## लाडली बहनों के साथ भांजियों के लिए भी सीएम ने कि घोषणा

खरगोन। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को बिस्टान के अनकवाडी में लाडली बहना सहित पैसा एक्ट जागरुकता की महती सभा के दौरान मंच से बहनों के साथ भांजियों के लिए भी बड़ी घोषणा की। लाडली बहनो के लिए जहां एक हजार रुपए बैंक खातो में डालने के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरु हुई है तो वही मुख्यमंत्री कन्यादान योजना की राशि में भी बदलाव करते हुए भांजियों को गृहस्थी सामग्री के बजाय नगद राशि का चेक दिया जाएगा, जिससे वे खुद अपनी पसंद की सामग्री खरीद सकेगी। उन्होंने कहा कि यह निर्णय इसलिए लिया गया है क्योंकि कई जगह घटिया सामग्री देने की एवं योजना में गड़बड़ी करने शिकायतें सामने आती थी। उन्होंने लाडली बहना योजना को लेकर कहा कि मैंने सोचा कि बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना पड़ेगा। बहन भी स्वावलंबी होना चाहिए। मैंने तय किया कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना बनाई जाएगी जिसके अंतर्गत बहनों को 1ए000 रुपये प्रतिमाह दिए जाएंगे। इस दौरान उन्होनें करीब 240 करोड़ रुपये के विकास कार्यो लोकार्पण और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री की सभा को लेकर आमजन में उत्साह का माहौल नजर आया। बड़ी संख्या में लोग सभा स्थल पहुंचे थे। यहां प्रदर्शनी का निरीक्षण भी मुख्यमंत्री ने किया।

## पूर्व मुख्यमंत्री से अध्यक्ष ने की मुलाकात

### पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह का शीघ्र ही भिंड दौरा होगा: मानसिंह कुशवाह

दैनिक पुष्पांजली टुडे



दतिया । जिले के एक दिवसीय दौरे पर आए मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह से भिण्ड कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा ने भेंटकर भिंड की राजनीतिक गतिविधियों के बारे में जानकारी देते हुए चर्चा कर पूर्व मुख्यमंत्री को भिण्ड जिले में आने के लिए आमंत्रित किया। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के साथ कांग्रेस अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा ने माँ पीताम्बरा जी के दर्शन भी किये। कांग्रेस अध्यक्ष के साथ भिण्ड जिले के लगभग एक दर्जन कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# संगठनात्मक कार्यक्रमों को प्रभावी बनाएं कार्यकर्ता : संध्या राय

पंकज त्रिपाठी, दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । हम सभी को वर्तमान कार्यकर्ताओं के साथ पुराने कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलना है। संगठनात्मक कार्यो के लिए हमारे पास अब सीमित समय है। इस वर्ष विधानसभा के चुनाव है। सभी कार्यकर्ता अब चुनावी मोड में काम करें तथा जमीनी स्तर तक पहुंचकर सरकार की योजनाएं और संगठन कार्यो को केन्द्रित कर उनके क्रियान्वयन में लग जाएं। यह बात भाजपा भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भिंड दतिया सांसद श्रीमती संध्या ने सुभाष मंडल के वार्ड क्रमांक 39 बूथ क्रमांक 184 प्रवीण बंसल के स्थान पर बूथ विस्तारक कार्यशाला के तहत आगामी संगठनात्मक कार्यक्रम का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहीं। कार्यशाला की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह भदौरिया टीपू ने की।

सांसद संध्या राय ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को नगर केंद्रों के प्रत्येक बूथ केंद्र पर 10 दिन तक 22 कारों को लेकर संगठन के कार में लगना है। उन्होंने बताया कि 6 अप्रैल को भाजपा का स्थापना दिवस एवं 26 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को जमीनी स्तर पर संपन्न कराने के लिए कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ पर कार्य करें काकी सत्ता और संगठन की विचारधारा केंद्र और राज्य सरकार की योजना के साथ हमारे संगठन की कार्य योजना अंतिम छोर व्यक्ति तक पहुंचे। विस्तारक कार्यशाला के तहत उपरोक्त मंडलों के श्रेणी के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि बूथ पर क्रियाशील होकर संगठन कार्यो को तन्मयता से करें । उन्होंने कहा कि प्रत्येक शक्ति के प्रत्येक बूथ की समितियां सक्रिय होकर कार्य करें। बूथों के त्रिदेव अर्थात बूथ अध्यक्ष, महामंत्री और बीएलए 2 अपने बूथ पर क्रियाशील होकर संगठन कार्यो को



तन्मयता से करें। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से कोई भी वर्ग अछूता नहीं है। हमें आवश्यकता है तो सिर्फ हितग्राहियों को इस बात से अवगत कराने की कि यह योजनाएं भारतीय जनता पार्टी सरकार ने उनके लिए शुरू की है। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता योजनाओं के हितग्राहियों से सतत संपर्क करें और उन्हें पार्टी से जोड़ें। उन्होंनें बूथ के करणी कार्यो के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि बूथ समिति और शक्ति केन्द्रों की बैठक आयोजित कर पार्टी के कार्यो को नीचे तक ले जाएं। 51 प्रतिशत वोट हमारा लक्ष्य को लेकर हम सब कार्यकर्ताओं को एकजुट एक लक्ष्य एक मुख के साथ लगना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली गरीब कल्याणकारी योजनाओं को उनके घर तक पहुंचाने का कार्य भी हम सब को करना है। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में सम्पन्न होने वाले चुनावों की दृष्टि से प्रत्येक बूथ पर 51 प्रतिशत वोट प्राप्त पार्टी का लक्ष्य है। हम किस तरह बूथ पर इस लक्ष्य को प्राप्त करें, इस दिशा मैं कार्ययोजना बनाएं और उसे पूरा करें। उन्होंने कहा कि 51 प्रतिशत से ज्यादा वोट हमें बूथ पर मिलेंगे तो हम कोई भी चुनाव आसानी से जीतेंगे। युवा मोर्चा द्वारा चलाए जा रहे नव मतदान , सभी मोर्चा प्रकोष्ठ के जिला एवं मंडल पदाधिकारियों को भी इस अभियान में लगना है। मध्यप्रदेश जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को जोडने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को जिले के प्रत्येक बूथ में सुना जाय ऐसी व्यवस्था बनाएं। साथ ही प्रत्येक बूथ समिति, शक्ति केन्द्र और मण्डल की बैठक निर्धारित समयानुसार आयोजित हो। उन्होंने कहा कि प्रदेश नेतृत्व ने नारा दिया है 100 दिन में 200 पार इस लक्ष्य को हमें पूर्ण करना है और तभी हम 200 पार कर पाएंगे जब हमारा कार्यकर्ता अपने बूथ पर मजबूती के साथ लगेगा। उन्होंने कहा कि महामहिम राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू ने लोकसभा सदन में अपने अभिभाषण के माध्यम से सरकार की विभिन्न योजनाओं को लेकर संज्ञान में लिया है यह भाषण पार्टी नेतृत्व ने प्रत्येक ग्रामीण एवं शहरी केंद्र पहुंचाने के लिए एक कार्यशाला का आयोजन भी हमें आयोजित करना है ताकि महामहिम राष्ट्रपति जी के प्रतीक बिंदु को जनता तक पहुंचे और सरकार की योजना भी लोगों को जनता को मिले इसकी की भी हमें पूर्ण रूप से तैयारी कर इस अभियान को चुनावी में बदलने का काम करें। प्रत्येक बूथ के अंदर को मजबूती प्रदान करते हुए भारतीय जनता पार्टी को मजबूती प्रदान करें ताकि हम फिर सरकार बनाएं और यह देश और प्रदेश विकास की ओर आत्मनिर्भर बनें।

# प्रत्येक बूथ के केंद्रों को मजबूत करें कार्यकर्ता : डॉ रमेश दुबे

दैनिक पुष्पांजली टुडे

लहार । हम सभी को वर्तमान कार्यकर्ताओं के साथ पुराने कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलना है। संगठनात्मक कार्यो के लिए हमारे पास अब सीमित समय है। इस वर्ष विधानसभा के चुनाव है। सभी कार्यकर्ता अब चुनावी मोड में काम करें तथा जमीनी स्तर तक पहुंचकर सरकार की योजनाएं और संगठन कार्यो को केन्द्रित कर उनके क्रियान्वयन में लग जाएं। यह बात भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य डॉ रमेश दुबे ने लहार विधानसभा क्षेत्र के मंछड मंडल की कार्यशाला मैं बूथ विस्तारक कार्यशाला के तहत क्रमांक 61 , 62 बूथ केंद्रों पर पहुंचकरआगामी संगठनात्मक कार्यक्रम का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहीं । बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष दीपक सिंह राजावत ने की। डॉ दुबे ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को नगर केंद्रों के प्रत्येक बूथ केंद्र पर 10 दिन तक 22 कार्यो को लेकर संगठन के कार्य में लगना है। उन्होंने बताया कि 6 अप्रैल को भाजपा का स्थापना दिवस एवं 26 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को जमीनी स्तर पर संपन्न कराने के लिए कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ पर कार्य करें ताकी सत्ता और संगठन की विचारधारा केंद्र और राज्य सरकार की योजना के साथ हमारे संगठन की कार्य योजना अंतिम छोर व्यक्ति तक पहुंचे। विस्तारक कार्यशाला के तहत उपरोक्त मंडलों के श्रेणी के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि बूथ पर क्रियाशील होकर संगठन कार्यो को तन्मयता से करें । उन्होंने कहा कि प्रत्येक शक्ति के प्रत्येक बूथ की समितियां सक्रिय होकर कार्य करें। बूथों के त्रिदेव अर्थात बूथ अध्यक्ष, महामंत्री और बीएलए 2 अपने बूथ पर क्रियाशील होकर संगठन कार्यो को तन्मयता से करें। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से कोई भी वर्ग अछूता नहीं है। हमें आवश्यकता है तो सिर्फ हितग्राहियों को इस बात से अवगत कराने की कि यह योजनाएं भारतीय जनता पार्टी सरकार ने उनके लिए शुरू की है। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता योजनाओं के हितग्राहियों से सतत संपर्क करें और उन्हें पार्टी से जोड़ें। उन्होंनें बूथ के करणी कार्यो के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि बूथ समिति और शक्ति केन्द्रों की बैठक आयोजित कर पार्टी के कार्यो को नीचे तक ले जाएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली गरीब



कल्याणकारी योजनाओं को उनके घर तक पहुंचाने का कार्य भी हम सब को करना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश नेतृत्व ने नारा दिया है 200 दिन में 200 पार इस लक्ष्य को हमें पूर्ण करना है और तभी हम 200 पार कर पाएंगे जब हमारा कार्यकर्ता अपने बूथ पर मजबूती के साथ लगेगा। बैठक में मंडल पदाधिकारी एवं अपेक्षित कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया जिला मंत्री शिव प्रताप सिंह, दीपक सिंह राजावत, मंडल अध्यक्ष मछंड धीरज गोस्वामी बाबा मंडल उपाध्यक्ष जनपद सदस्य सुनील कार्यालय मंत्री कुलदीप सिंह,लटूरी प्रसाद,रामवीर भारद्वाज, शिवमंगल सिंह, छोटू तिगुनायक शिवम शर्मा,सत्यम शर्मा, मोहित सबिता,दया शंकर राठौर, किसान मोर्चा महामंत्रीजीतू राठौर युवा मोर्चा महामंत्री उपस्थित रहे।

# गौशाला से मोटर, केबल व स्टार्टर चोरी, गौ सेवकों ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन, पांच हजार रुपए इनाम की, की घोषणा

दैनिक पुष्पांजली टुडे

गोहद। नगर पालिका परिषद गोहद के सिसोनिया के पास विशाल गौशाला का निर्माण कराया गया है जिसमें गायों को रखने के लिए टीन सेट भूसा भंडारण के लिए तीन सेट पानी के लिए ट्यूबवेल आदि कई प्रकार की व्यवस्थाएं की गई हैं सिसोंनिया स्थित इसी गौशाला में गुरुवार की रात्रि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा ट्यूबवेल में से मोटर, केबल, रस्सा एवं स्टार्टर चोरी कर लिया गया। जिस के संबंध में पुलिस को भी अवगत कराया गया परंतु चोरों का कोई अता पता नहीं चल सका है, जिसको लेकर गौसेवकों ने गोहद थाना प्रभारी राजकुमार शर्मा को एक ज्ञापन सौंपा है, ज्ञापन में गौसेवकों ने बताया है कि गुरुवार को रात्रि 10 बजे के पश्चात इस घटना को अंजाम दिया गया है। जिसमें आशंका है कि आसपास के कुछ खेत वाले किसान या अन्य भी शामिल हो सकते हैं ग्राम सिसोंनिया में भी इससे पूर्व एक अन्य चोरी हुई थी जिसका अभी तक पूर्ण रूप से कोई भी खुलासा नहीं हो सका है जिससे चौरों के हौसले और बुलंद होते जा रहे हैं इसलिए गौसेवकों ने चोरों को जल्द से जल्द पकड़ने अथवा पकड़वाने या सूचना देने वाले को पांच हजार रुपए के पुरस्कार की घोषणा की है। इसके साथ ही गौ सेवकों ने पुलिस प्रशासन से अनुरोध किया है कि ऐसे अपराधियों को पकड़ कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए, जिससे भविष्य में कोई भी धार्मिक स्थलों, अथवा गौशालाओं से चोरी करने से पूर्व अनेकों बार विचार करें ज्ञापन सौंपते समय गौसेवक नरेंद्र राठौर, अभिषेक बाथम, धर्मेंद्र रावत, अंकित गौड़, अंकित बरैया, शिवम पंडित, रामू गुर्जर, कुलदीप सिंह गुर्जर एवं अन्य गौसेवक उपस्थिति रहें।

# केन्द्र एवं प्रदेश सरकार तथा पुलिस मुखबिरी के विरोध में नक्सलियों ने लगाएं बैनर

रितेश कटरे ब्युरो चीफ
पुष्पांजली टुडे बालाघाट

लांजी- नक्सल प्रभावित क्षेत्र लांजी में लगातार नक्सलियों की दस्तक समय समय पर सामने आती है बालाघाट पुलिस के द्वारा नक्सलियो पर काफी हद तक अंकुश लगाया जा चुका है जिसमे कई ईनामी नक्सली ढेर हुये है बालाघाट पुलिस एवं हॉक फोर्स की टीम ने क्षेत्र मे नक्सलियों को बैकफुट पर ढकेल दिया है बावजूद इसके नक्सली अपनी करतूतों से बाज नही आते और क्षेत्र के नक्सल प्रभावित जंगल क्षेत्र मे बैनर पोस्टर पॉम्पलेट के माध्यम से अपनी उपस्थिती दर्ज करवाते रहते है इस बार नक्सलियों ने लांजी भिलाई मार्ग के अन्तर्गत कान्द्रीघाट क्षेत्र को चुना जहां नक्सलियों के द्वारा केन्द्र प्रदेश सरकार के विरोध मे तथा पुलिस मुखबिरी के विरोध मे बैनर पोस्टर लगाये है यह कार्य नक्सली दल टांडा एवं दडेकसा एरिया कमेटी कम्युनिस्ट पार्टी के द्वारा किया गया है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अनुभाग लांजी के बहेला थाना अन्तर्गत पुलिस चौकी सीतापाला क्षेत्र के लांजी भिलाई मार्ग पर वन विभाग द्वारा बनाये गये वाच टावर



कान्द्रीघाट के समीप नक्सलियों टांडा एवं दडेकसा दलम के सदस्यो के द्वारा दो बैनर लगाये गये है जिनमे से एक बैनर में नौजवानों पुलिस मुखबिर बंद करो एवं जल जंगल जमीन बचाओ तथा दुसरे बैनर में केन्द्र एवं प्रदेश सरकार के मुर्दाबाद के नारे लिखे हुये है। उक्त बैनर 16 एवं 17 मार्च की मध्य रात्रि मे लगाये जाने की आशंका है हालाकि लांजी भिलाई मार्ग दिन एवं रात्री सतत आवागमन होते रहता है जिसके चलते रात्रि मे समय देखकर नक्सलियो के द्वारा यह कृत्य किया गया है, जिसकी जानकारी स्थानीय लोगो के द्वारा पुलिस को प्रदान किये जाने की आशंका व्यक्त की जा रही है जिले के पुलिस अधीक्षक के द्वारा इस घटना की पुष्टि भी की है। तथा टांडा एवं दडेकसा दलम के अज्ञात नक्सलियो के विरूद्ध बहेला थाने में विभिन्न धाराओ के तहत अपराध भी पंजीबद्ध किया गया है।

## ट्रोला ने मारी दो बाईकों में टक्कर, दो घायल

दैनिक पुष्पांजली टुडे

गोहद। डिरमन पाली रोड चितोरा गांव में गोहद थाना क्षेत्र अंतर्गत ट्रोला ने दो बाईकों में टक्कर मार दी। चक्कर में बाइक सवारों में से दो लोग घायल हो गए। घायलों के नाम इरशाद खां, असगर खां बताया जा रहा है। जिनका गोहद अस्पताल में इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार ट्रोला क्रमांक एमपी 07 एचबी 9351 ने पाली डिरमन की ओर से मौ गोहद रोड पर आते समय चितोरा गांव में मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 30 एमडब्ल्यू 0106 एवं एमपी 30 एमब्ही 2315 दोनों बाईकों में क्रमशः लगभग 50 मीटर की दूरी पर टक्कर मार दी। जिसमें दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। घायलों को पुलिस की मदद से गोहद अस्पताल भेजा गया। गोहद अस्पताल में घायलों का इलाज जारी है। दुर्घटना के पश्चात चितौरा मौ गोहद मार्ग पर जाम लग गया। जिसकी सूचना प्रशासन को जैसे ही मिली, पुलिस प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर जाम खुलवाया।

## पुलिस द्वारा नाईट कॉम्बिंग गश्त में अपराधियों / गुण्डों बदमाशों के विरूद्ध की गई ताबड़-तोड़ कार्यवाही

पंकज त्रिपाठी. दैनिक पुष्पांजली टुडे



भिण्ड । पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे के नेतृत्व में भिण्ड जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी ( पुलिस ) एवं थाना प्रभारियों द्वारा थाने के बल के साथ दिनांक 16 व 17 मार्च 2023 की दरम्यानी रात कॉम्बिंग गश्त का विशेष अभियान चलाया गया, जिसमें रात्रि के समय होने वाले अपराधों की रोकथाम, फरार आरोपियों को पकड़ने अपराधियों में भय पैदा करनें रात्रि के समय वाहनों द्वारा अवैध शराब, अवैध हथियार परिवहन अन्य अवैधानिक गतिविधियों की रोकथाम एवं जनसामान्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु 202 अधिकारी/कर्मचारियों की कुल 32 टीमें बनाकर पुलिस द्वारा ताबडतोड कार्यवाही की गई ।

**उक्त गश्त के दौरान निम्नानुसार कार्यवाही की गई** –स्थाई वारंट तामील - 19, गिरफ्तारी वारंट तामील - 72, अन्य अपराधों में गिरफ्तार आरोपियों की संख्या - 08, इनामी अपराधी गिरफ्तार - 01, हिस्ट्रीशीटर चेक किए गए 86, जिला बदर चैक- 23, गुंडा चैक - 102, एटीएम चैक -77, वाहन चैकिंग - 223 , उक्त कार्यवाही में समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) एवं समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने बल के साथ उपस्थित होकर सराहनीय कार्यवाही की गयी। पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे ने कहा कि कानून व्यवस्था को बनाये रखने ऐसी कार्यवाही आगे भी की जाती रहेंगी।

## ग्रासिम इंडस्ट्रीज विक्रम वूलन मालनपुर के सहयोग से घिरोंगी में नि:शुल्क स्वास्थय शिविर का आयोजन संपन्न

पुष्पांजली टुडे




ग्वालियर। फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ग्वालियर शाखा द्वारा आज ग्राम घिरोंगी में ग्रासिम इंडस्ट्रीज विक्रम वूलन मालनपुर के सहयोग से एक निशुल्क स्वास्थय एवं जांच शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्था की शाखा प्रबंधक श्रीमती नीलम दीक्षित जी उपस्थित थी उन्होंने सभी को स्वस्थ रहने की टिप्स दी साफ सफाई पर विशेष जानकारी दी। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में संस्था के कार्यक्रम अधिकारी श्री अच्छेंद्र सिंह कुशवाह उपस्थित थे।उन्होंने सभी को मोस्मी बीमारियों एवं सुरक्षित गर्भपात विषय पर जानकारी दी। कार्यक्रम डॉ नम्रता आर्य द्वारा सभी लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें उचित परामर्श दिया। कार्यक्रम में डॉ पीयूष गौड़ जी द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में क्षेत्रीय कार्यकर्ता श्रीमती ममता जी पुष्पा जी की मुख्य भूमिका रही। शिविर के माध्यम से 210 लोगो को स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें उचित परामर्श दिया। ग्रासिम इंडस्ट्रीज विक्रम वूलन मालनपुर श्री पंकज श्रीवास्तव जी के मार्गदर्शन में संपन्न किया। कार्यक्रम के अंत में श्रीमती गीता सूर्यवंशी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया।

## बोर्ड परीक्षाओं के दौरान लापरवाही बरतने वाले दो उमाशि को कारण बताओ सूचना पत्र जारी

दैनिक पुष्पांजली टुडे



**भिण्ड ।** जिला शिक्षा अधिकारी हरिभुवन सिंह तोमर ने पूर्व सहायक केन्द्राध्यक्ष शा.डाईट भिण्ड सहदेव सिंह यादव उमाशि एवं केन्द्राध्यक्ष शाउमावि अमायन ज्ञान सिंह सिसौदिया उमाशि को हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी परीक्षाओं के दौरान कार्य में लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस में जवाब चाहा है।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478